संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -331 बुधवार ,02 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बुलडोजर कार्यवाही पर सुप्रीमकोर्ट का बड़ा फैसला

### » सुको ने कहा-अगर तोड़फोड़ अवैध पाई गई तो संपत्ति वापस करनी होगी

**नई दिल्ली,01अक्टूबर 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में चल रहे बुलडोजर एक्शन के खिलाफ जमीयत उलेमा ए हिंद की याचिका पर आज सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा 'देश भर में तोड़फोड़ पर गाइडलाइन बनाएंगे, तब तक बुलडोजर पर अंतरिम रोक वाला फैसला जारी रहेगा।' सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन अदालत की अवमानना माना जाएगा। अगर तोड़फोड़ अवैध पाई गई तो संपत्ति को वापस करना होगा। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच कर रही है।

### कोर्ट ने पूछा ये सवाल

पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाते हुए कहा था कि सिर्फ सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण को हटाने की ही छूट होगी। इस मामले में यूपी, एमपी और राजस्थान की ओर से सॉलिसिटर जनरल (स्त्र) तुषार मेहता पेश हुए. सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान आज पूछा कि क्या दोषी करार देने पर भी किसी की संपत्ति तोड़ी जा सकती है? जिस पर एसजी तुषार ने कहा कि नहीं, यहां तक कि हत्या, रेप और आतंक के केस के आधार पर भी नहीं। मेरे कुछ सुझाव हैं, नोटिस को रजिस्टर्ड एडी से भेजा जाए।

### हम एक धर्मनिरपेक्ष देश

जस्टिस गवई ने कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं। हमारे निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। इसपर तुषार मेहता ने कहा कि ये ठीक नहीं है। इसमें 80त्र हिंदू हैं, हमारे उद्देश्य के लिए यह प्रासंगिक नहीं है। जस्टिस गवई ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारा आदेश अतिक्रमणकारियों की मदद न करें। इस सुनवाई में हिंदू मुस्लिम एंगल अच्छा नहीं है। बेंच को इन आरोपों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि भले ही यह अधिकृत निर्माण ना होज लेकिन इस कार्रवाई से महिलाओं ,वृद्धों और बच्चों को सड़क पर देखना अच्छा नहीं लगता है। अगर उनको समय मिले तो वो लोग एक वैकल्पिक व्यवस्था कर लें। याचिकाकर्ता की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ये सब भविष्य के लिए है।

### अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाने का आरोप

जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हाल ही में यूपी, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में जमीयत ने अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया है। याचिका में सरकार को आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने से रोकने की मांग की गई है। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि यदि 2 संरचनाओं में उल्लंघन हुआ है और केवल 1 के खिलाफ कार्रवाई की जाती है और आप पाते हैं कि पृष्ठभूमि में कोई अपराध है। यह समझौता करने योग्य या गैर समझौता करने योग्य अपराध हो सकता है। यदि आप शुरू में किसी व्यक्ति की जांच कर रहे हैं और आपको जल्द ही उसका आपराधिक इतिहास पता चलता है तो? दो गलतियां एक सही नहीं बनाती हैं। इस बारे में हमारी सहायता करें।



### कानून किसी खास धर्म के लिए नहीं

इस मामले में जो भी नियम बनाए जाएं, उन्हें पूरे भारत में लागू किया जाना चाहिए। जब याचिकाकर्ता कहते हैं कि चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है, तो इसमें कुछ संवेदनशीलताएं शामिल हैं। अदालत को आरोपों से बाहर आना चाहिए और तय करना चाहिए कि क्या सही है और क्या गलत। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि हम सभी के लिए कानून बनाएंगे, किसी खास धर्म के लिए नहीं। अवैध निर्माणों को सभी धर्मों से अलग किया जाना चाहिए। नोटिस की सही सर्विस होनी चाहिए, पंजीकृत ए.डी. के माध्यम से नोटिस हो। नोटिस चिपकाने की यह प्रक्रिया चले, डिजिटल रिकॉर्ड होना चाहिए। इससे अधिकारी भी सुरक्षित रहेंगे, हमारे पास भारत से पर्याप्त विशेषज्ञ है।

### पूरे देश के लिए एक सामान गाइडलाइन जारी करेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं, हम सब नागरिकों के लिए गाइडलाइन जारी करेंगे। अवैध निर्माण हिंदू, मुस्लिम कोई भी कर सकता है। हमारे निर्देश सभी के लिए होंगे, चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय के हों। बेशक, अतिक्रमण के लिए हमने कहा है कि अगर यह सार्वजनिक सड़क या फुटपाथ या जल निकाय या रेलवे लाइन क्षेत्र पर है, तो हमने स्पष्ट कर दिया है। अगर सड़क के बीच में कोई धार्मिक संरचना है, चाहे वह गुरुद्वारा हो या दरगाह या मंदिर, यह सार्वजनिक बाधा नहीं बन सकती। जस्टिस गवई ने कहा कि चाहे मंदिर हो, दरगाह हो, उसे जाना ही होगा, क्योंकि सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोपरि है।

### साढ़े 4 लाख हैं तोड़फोड़ के मामले

एसजी ने कहा कि ऐसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ बुलडोजर मामले बहुत कम होंगे, ये मामले दो फीसदी होंगे। लेकिन बिल्डरों से जुड़े इस तरह के मामले बहुत हैं। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि जब तक नगर निगम के अधिकारी इन पर फैसला नहीं ले लेते, तब तक कोई अर्ध न्यायिक निगरानी भी नहीं है। ये मामला दो फीसदी का नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि साढ़े चार लाख मामले तोड़फोड़ के हैं।

### हिंदू-मुस्लिम की बात क्यों आती है?

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान कहा कि हिंदू-मुस्लिम की बात क्यो आती है। वे हमेशा अदालत में जा सकते हैं इसमें भेदभाव कहां है। जस्टिस विश्वनाथ ने कहा कि इसके लिए कुछ समाधान खोजना होगा। जैसे न्यायिक निरीक्षण किया जाए। इसपर स्त्र ने कहा कोर्ट मीडिया में प्रचारित कुछ घटनाओं को छोड़कर इसके लिए एक सामान्य कानून बनाए जाने पर विचार करें।

### न्यायिक निगरानी होनी चाहिए

जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि इसके लिए कुछ समाधान तो खोजना ही होगा, कुछ न्यायिक निगरानी होनी चाहिए। एसजी तुषार मेहता ने कहा कि मैं यूपी, एमपी, राजस्थान की ओर से पेश हुआ हूं। हमने पहले भी कहा है। हमने यूपी मामले में पहले ही हलफनामा दाखिल कर दिया था कि सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति किसी मामले में आरोपी है, किसी संपत्ति को गिराने का आधार नहीं हो सकता। नगर निगम कानून, नगर नियोजन नियमों का उल्लंघन होना चाहिए।

## देश की संक्षिप्त खबरें

### आरती सरीन बनीं आर्म्ड फोर्स मेडिकल सर्विस की पहली महिला निदेशक जनरल



**नई दिल्ली,01अक्टूबर 2024 (ए)।** वाइस एडमिरल आरती सरीन को मंगलवार को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं का अगला निदेशक जनरल नियुक्त किया गया है। वह सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की प्रमुख के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं यह न केवल उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका को भी बढ़ावा देती है।

### एनआईए ने लखीमपुर से एक जिंदा आईईडी बरामद किया




**नई दिल्ली,01अक्टूबर 2024 (ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए ) ने असम के लखीमपुर जिले से एक जिंदा इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया है, अधिकारियों ने मंगलवार को कहा। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोटक को उल्फा (आई) आतंकवादियों ने स्वतंत्रता दिवस को बाधित करने की साजिश के तहत रखा था, जिसे आज सुबह एनआईए की एक टीम ने बरामद किया। बाद में इसे असम पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया ।

### जयपुर सरकार ने महिला पुलिस को दिया 33 प्रतिशत आरक्षण



**जयपुर,01अक्टूबर 2024 (ए)।** राजस्थान सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 33त्र आरक्षण की घोषणा की है। यह फैसला राज्य की महिलाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। राज्य सरकार ने राजस्थान पुलिस सबऑर्डिनेट सर्विस रूल्स 1989 में संशोधन करते हुए यह फैसला लिया है।

## एनआईए ने सीपीआई पुनरुद्धार षड्यंत्र मामले में पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी की



**नई दिल्ली,01अक्टूबर 2024 (ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए ) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर सीपीआई (माओवादी) द्वारा पूर्वी क्षेत्रीय ब्यूरो क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को फिर से स्थापित करने की साजिश से जुड़े एक मामले में तलाशी ली।




## गृह मंत्रालय ने बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को दी 5,858 करोड़ की धनराशि

- » केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को वित्तीय सहायता जारी की
- » कुछ राज्यों के नुकसान का आकलन करने के लिए भेजी गई थीं टीम
- » केंद्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित राज्यों को लॉजिस्टिक मदद भी प्रदान की



**नई दिल्ली,01अक्टूबर 2024 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। बाढ़ प्रभावित राज्यों में असम, मिजोरम, केरल, त्रिपुरा, नगालैंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मणिपुर में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए इंटर मिनिस्ट्रियल सेंटर टीम भेजी गई थी। जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए जल्द ही आईएमसीटी भेजी जाएंगी।
गृह मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा सिस्टम के अनुसार आईएमसीटी की आकलन रिपोर्ट मिलने के बाद प्रभावित राज्यों को एनडीआरएफ से अतिरिक्त वित्तीय सहायता स्वीकृत की जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस साल 21 राज्यों को 14,958 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है। इसमें एसडीआरएफ से 21 राज्यों को 9,044 करोड़ रुपए, एनडीआरएफ से 15 राज्यों को 4528 करोड़ रुपये और राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से 11 राज्यों को 1385 करोड़ रुपये शामिल हैं।



## अब शुक्र पर भी पहुंचेगा भारत

**नई दिल्ली,01अक्टूबर 2024 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में सूरज से जुड़ी जानकारी के लिए आदित्य एल वन भेजा। चांद के लिए तो चंद्रयान-3 भेजा, तो वहीं मंगल के लिए मंगल ऑर्बिटर मिशन लॉन्च किया तो अब सबसे गर्म ग्रह शुक्र के लिए इसरो अब वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) के साथ शुक्र ग्रह पर जाने के लिए तैयारी कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की है कि अंतरिक्ष यान को पृथ्वी से रहस्यमय यात्रा में कुल 112 दिन लगेंगे। अंतरिक्ष यान 29 मार्च, 2028 को लॉन्च होने वाला है, जिसे शुक्रयान-1 नाम दिया गया है। यह शुक्र ग्रह की खोज में भारत का का पहला प्रयास होगा।

## क्या खत्म हो जाएंगी मुख्यमंत्री की मुश्किलें



**नई दिल्ली,01अक्टूबर 2024 (ए)।** मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती बी.एम. की तरफ से लौटाए 14 प्लॉट वापस लेने को तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री की पत्नी बीएन पार्वती ने पत्र लिखकर प्लॉट वापस करने की पेशकश की थी और कहा था कि वह अपनी अंतरात्मा की आवाज सुन रही हैं।इसके बाद ने कहा था कि वे इसे वापस लेने से पहले कानूनी सलाह लेंगे, क्योंकि मामला जांच के दायरे में है। शहर के पास केसारे गांव में 3.16 एकड़ भूमि के उपयोग के मुआवजे के रूप में उन्हें विजयनगर चरण 3 और 4 में 14 प्लॉट बांटे गए थे, जो मैसूर के प्रमुख क्षेत्र हैं।

# संपादकीय

## वन नेशन,वन इलेक्शन को औपचारिक मंजूरी


भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख कायम रखने की है। ऐसी कई समस्याएं बढ़ती गई हैं, जिनकी वजह से भारतीय चुनावों पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रिय योजना वन नेशन, वन इलेक्शन' को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका अर्थ यह है कि अब सरकार इस योजना को लागू करने की दिशा में काम करेगी। यह कैसे होगा, इसका मोटा खाका रामनाथ कोविंद कमेटी ने बनाया था। उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव वाले वर्ष में सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाएंगे। कोविंद कमेटी ने जब अपनी रिपोर्ट पेश की थी, तब भी इससे ज्यादा स्पष्टता नहीं बनी थी, ना कैबिनेट के हरी झंडी देने के बाद अब इसका ब्लू प्रिंट उभरा है। इसलिए कहा जाएगा कि अभी तक यह योजना महज एक इरादा ही है। सत्ता पक्ष चाहता, तो महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करवा कर इस योजना को अधिक विश्वसनीय बना सकता था। लेकिन बाकी बातें तो दूर, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव भी नहीं कर जा सके। वैसे भी भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख बहाल करने की है।पहला मुद्दा निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का था, जिसमें होने वाली नियुक्ति प्रक्रिया को पिछले वर्ष सरकार ने मनमाने ढंग से बदल दिया। आम चुनाव के दौरान आयोग का रुख लगातार सवालों के घेरे में रहा। आयोग ने मतदान प्रतिशत बताने में जैसी देर की और बाद में गिरे वोटों की संख्या में जितनी वृद्धि बताई गई, उससे साख का संकट खड़ा हुआ है। चुनाव परिणाम को लेकर जैसे प्रश्न इस बारे उठे, वैसा भारत के चुनावी इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इसके अलावा धन का कसता जा रहा शिकंजा चुनावों के प्रतिनिधिक दायरे को लगातार सिकोड़ रहा है। अब इसी पृष्ठभूमि में वन नेशन, वन इलेक्शन योजना सरकार ले आई है। स्वाभाविक है कि सहज गले लगाने के बजाय जनमत का एक बड़ा हिस्सा इसे विरोध भाव के साथ देखेगा। जन विश्वसनीयता और सहमति किसी लोकतंत्र के संचालन की पूर्व शर्त होती हैं। मगर वर्तमान सरकार ऐसे तकाजों की परवाह नहीं करती। फिर उसने वही नजरिया दिखाया है।

# देश को जरूरत है एक और गांधी की



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक हरियाणा

इतिहास में अपने आप में यह एक पहला उदाहरण है कि महात्मा गांधी ने देश के सभी समुदायों तथा क्षेत्र के लोगों को इकट्ठा करके शांतमई ढंग से अंग्रेजो से देश को आजाद कराया। अन्यथा संसार के अलग-अलग देशों में खून खराबा किए बिना सत्ता परिवर्तन नहीं होता। महात्मा गांधी एक बैरिस्टर थे अगर वह चाहते तो अपना जीवन ठाठ से बिता सकते थे लेकिन उन्होंने देश हित में सब कुछ त्याग दिया, देश को आजाद कराने के लिए लोगों को में स्वतंत्रता प्राप्त करने की भावना को जागृत किया। देश आजाद कराने में कांग्रेस तथा कई और राजनीतिक दलों का योगदान भी रहा है। अनेक लोगों ने अनेक प्रकार की कुर्बानियां दीं, फांसी के फंदे को भी चूमा, काले पानी की सजा भुगती। महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन, स्वदेशी आंदोलन, भारत छोड़ो आदि तरीके इस्तेमाल किये। सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद सेना का गठन करके अंग्रेजों से टक्कर लेने का काम भी किया। अंततः 15 अगस्त, 1947 को भारत आजाद हुआ। महात्मा गांधी सभी धर्मों की इज्जत करते थे, उनका प्यारा भजन.... ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सम्मति दे भगवान... आज भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न अवसरों पर गाया जाता है। महात्मा गांधी जात पात में विश्वास नहीं रखते थे। इसी बात को लेकर उन्होंने एक समाचार पत्र... हरिजन... भी निकाला, जिसमें उन्होंने छूत छात, हरिजनों के प्रति सहानुभूति दिखाने की बात कही। महात्मा गांधी ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने के पक्ष में थे। बेरोजगारी को दूर करने के लिए उन्होंने खादी तथा ग्राम उद्योग को बढ़ावा देने की वकालत की। वह विदेशों पर निर्भर रहने के बदले में स्वदेशी लहर के पक्ष में थे अर्थात वह विदेशों पर निर्भर नहीं रहना चाहते थे। वह शांति के पुजारी थे। साधारण जीवन तथा उच्च विचार में विश्वास रखते थे। उनका यह मत था कि राजनीति जन सेवा का एक माध्यम है। उन्होंने अपना सारा जीवन एक लंगोटी में इसलिए बिता दिया क्योंकि उनका यह मानना था कि जब देश में अनेक गरीब लोगों के तन पर कपड़ा नहीं फिर मैं कपड़े कैसे पहन सकता हूं। महात्मा गांधी के बारे में यह बात प्रचलित है के उनके तीन बंदर थे जिन्होंने आंख, कान तथा मुंह पर हाथ रखा हुआ था जिसका मतलब यह है कि महात्मा गांधी बुरा देखने, बुरा सुनते तथा बुरा कहने में यकीन नहीं रखते थे। दिल्ली में राजघाट में उनकी समाधि बनी हुई है। संसद भवन में भी उनकी बड़ी मूर्ति बनी हुई है जो कि उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान तथा विचारों का द्योतक है। विभिन्न देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाएँ स्थापित की गई है जो कि लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। महात्मा गांधी के बारे में इतना कुछ जानने के बाद अब हम यह देखना चाहेंगे कि आज का भारत महात्मा गांधी के सपनों का भारत है या नहीं। इसमें कोई शक नहीं कि आज हम आजाद हैं और देश का शासन चलाने के लिए हमारा अपना संविधान है। लेकिन अगर देखा जाए तो महात्मा गांधी तथा देश के अनगिनत स्वतंत्रता



सेनानियों ने जो सोच कर देश के लिए कुर्बानियां दी थी आज का भारत वैसा भारत बिल्कुल नहीं है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने देश का ऐसा हाल कर रखा है कि अगर महात्मा गांधी तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानी आज जीवित होते तो देश की दुर्दशा देखकर उनको अपनी कुर्बानिया पर अफसोस होता। महात्मा गांधी जात-पात के खिलाफ थे लेकिन आज के हमारे विभिन्न राजनीतिक दल जात-पात की राजनीति के आधार पर लोगों को बांटकर वोट बटोरने में लगे हुए हैं। विभिन्न धर्मों में भेदभाव पैदा करके उन में दंगे फसाद करवा रहे हैं और वोटो की राजनीति कर रहे हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय नेता कम हैं, हिंदू नेता, मुस्लिम नेता, दलित नेता, आदिवासी नेता आदि ज्यादा है। ऐसे में देश में एकता तथा अखंडता कैसे रह सकती है। हमारे देश के राजनेता राजनीति को जन सेवा का एक साधन न समझ कर सत्ता प्राप्ति का एक साधन समझने लगे हैं। देश जाए भाड़ में, उन्हें सिर्फ अपनी कुर्सी तक मतलब है। सत्ता पर कब्जा होना चाहिए। लोगों में फूट पड़ती है, पड़ने दो, हिंसा होती है, होने दो, जैसा विकास देश में होना चाहिए, नहीं होता, कोई बात नहीं। बस कुर्सी सलामत रहनी चाहिए। उसके लिए चाहे साम, दंड ,भेद कोई तरीका अपना ना पड़े कोई फर्क नहीं पड़ता। नैतिकता, गरिमा, मर्यादा आदि का उल्लंघन होता है कोई बात नहीं। संविधान की अवमानना होती है, कोई बात नहीं। कुर्सी सलामत होनी चाहिए। महात्मा गांधी साधारण जीवन और उच्च विचारों में विश्वास रखते थे। आज देश में एक भी ऐसा नेता नहीं है जो महात्मा गांधी के इन विचारों के ऊपर चलता हो। महात्मा गांधी स्वदेशी आंदोलन के सहारे अंग्रेजों से देश आजाद करने में सफल हुए। लेकिन आज हमने अपनी आवश्यकताएं इतनी बढ़ा ली हैं कि देश में विकास के बावजूद भी हम विदेशों पर बहुत मामलों में निर्भर रह रहे हैं। यह ठीक है कि विदेशों से सहायता लेकर भी विकास किया जा सकता है लेकिन अगर विदेशों से लिया हुआ कर्ज जीडीपी के बराबर होने लगे तो वह तो देश की बुरी आर्थिक स्थिति का चिन्ह माना जाएगा। आज हमारे देश में बेरोजगारी, कीमतों में वृद्धि, भ्रष्टाचार, कुपोषण, महिलाओं का शोषण, कृषि की अवहेलना, बड़े-बड़े कॉर्पोरेट का फलना फूलना, आम आदमी की आमदनी का कम होना आदि बातें कभी भी महात्मा गांधी के विचारों का हिस्सा नहीं थी जबकि वह भारत को अंग्रेजों से आजाद कराने का आंदोलन चला रहे थे। यू महात्मा गांधी के नाम पर विभिन्न राजनीतिक दल लोगों को बेवकूफ बनाकर वोट तो मांगते हैं, विभिन्न राजनीतिक दल सरकार के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए राजघाट पर जाकर धरना और प्रदर्शन भी करते हैं, परंतु उनमें से कोई भी अहिंसा, शांति, नैतिकता, संयम, साधारण जीवन, समरसता आदि में यकीन नहीं रखता। भारत में 15 अगस्त और 26 जनवरी सरकारी कार्यक्रम बनकर रह गए हैं। अधिकांश लोग उन स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में नहीं जानते जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व लुटा दिया। राजनीतिक दल सभी के हित की बात तो करते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि अपने-अपने दल के लोगों को उच्च पदों पर आसीन करके अपनी कुर्सी भविष्य के लिए पक्की करते हैं। महात्मा गांधी ने कभी भी ऐसा नहीं चाहा था। महात्मा गांधी कृषि, लघु तथा ग्राम उद्योग का विकास करने के पक्ष में थे जबकि आज की सरकार बड़े-बड़े उद्योगों का विकास कर रही है, आर्थिक नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि और अमीर हो जाए और गरीबों की स्थिति में कोई सुधार न हो। विभिन्न धर्म के लोगों में भेदभाव इतने बढ़ गए हैं कि वो एक दूसरे को शक की नजर से देखते हैं। ऐसे में देश को एक और गांधी की आवश्यकता है जो की आजादी से पहले वाले महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर सके। देश में लोग धर्म, जाति, क्षेत्र, भाषा आदि को भूलकर भाईचारे से एक दूसरे के साथ रहकर अपना काम धंधा करके रोटी, कपड़ा और मकान की समस्या को हल ही ना कर सके बल्कि आत्मनिर्भर भी हो।

# वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य,सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में सरकार ने कई हितकारी फैसले लिए हैं, जिनमें उनके भरण-पोषण, रहवास के लिए वृद्धाश्रमों की व्यवस्था, उनके लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था, संपत्ति के संरक्षण समेत कई अहम कार्य शामिल हैं। प्रदेश में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में सभी अनुविभागों में भरण पोषण अधिकरण का गठन किया गया है, अधिकरण से जुड़े अपीलीय नियमों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरों पर भी अधिकरण का गठन हुआ है। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं भरण पोषण का लाभ दिलाने के लिए आवेदन की आसान व्यवस्था भी प्रभावी है। 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के वृद्धजनों को निःशुल्क भोजन, आश्रय, देखभाल, मनोरंजनात्मक सुविधाएं आदि उपलब्ध कराने लिए राज्य के 26 जिलों में 35 वृद्धाश्रम भी चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ लगभग एक हजार वरिष्ठ नागरिकों को हो रहा है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार पूरी संवेदनशीलता से वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान रख रही है। 60 वर्ष या इससे अधिक के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो बढ़ती उम्र के कारण गंभीर बीमारियों के कारण बिस्तर पर रहने को मजबूर हैं, उनकी समुचित देखरेख, उन्हे स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशामक देखरेख गृह संचालन की योजना भी शुरू की गई है। इनके अंतर्गत 6 जिलों रायपुर, दुर्ग, कबीरधाम, रायगढ़, बालोद एवं बेमेतरा में देखरेख गृह का संचालन किया जा रहा है, जहां वरिष्ठ नागरिकों का सम्पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है।छत्तीसगढ़ सरकार वरिष्ठ नागरिकों की आस्था को पूरा सम्मान प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ उनके लिए तीर्थ स्थलों की यात्रा की योजना भी चला रही है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वरिष्ठ नागरिकों की वृद्धावस्था में होने वाली समस्या को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार न केवल उनकी देखभाल कर रही बल्कि उन्हें उचित स्वास्थ्य लाभ भी दिला रही है। वरिष्ठ नागरिक सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत व्हीलचेयर, श्रवणयंत्र, चश्मा, छड़ी आदि उपकरण प्रदान किए जा रहे है। इस योजना से राज्य के 50 हजार से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया गया है।छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन राशि दी जाती है। वर्तमान में 14 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षा, संरक्षण एवं सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक और जागरूक वातावरण बनाने के लिए हर वर्ष विकासखण्ड स्तर से राज्य स्तर तक 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाता है। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, सहायता और मार्गदर्शन के लिए समाज कल्याण संचालनालय में हेल्पलाईन 155-326 एवं टोल फ्री नं. 1800-233-8989 का संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ प्रदेशभर के वरिष्ठ नागरिकों को मिल रहा है। इस तरह छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर सतत कार्य किया जा रहा है।

**-डॉ. दानेश्वरी संभाकर-**

# सीबीआई और एफबीआई सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र



आज देश की प्रमुख जांच एजेंसियाँ केंद्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) और वित्तीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सहित रक्षा इकाईयों पर यह एक सामान्य आरोप लगाा जा रहा है, ये सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र' है, जबकि इन पर पूरा नियंत्रण सरकार का है, इसीलिए यह सामान्य आरोप लगाया जाता है कि सरकारी वित्तीय घपलों की जांच निष्पक्षता के दायरें से बाहर ही रहती है, अब आज का मुख्य सवाल यह है कि इन प्रतिष्ठानों के नाम को स्वतंत्र' के साथ जोड़ा गया है, तो इन्हें स्वतंत्रता' व न्यायपूर्ण काम क्यों नही करने दिया जाता।पिछले दिनों दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरिवंद केजरीवाल की शराब काण्ड में जमानत पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो सरकारी जांच एजेंसियों को लेकर सख्त टिप्पणियां की, उन पर सरकार ने चाहे गौर न किया हो, किंतु देश के हर जागरूक और बुद्धिजीवी नागरिक ने काफी गंभीरता से लेकर उस पर मनन भी किया है और सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों को आज की सच्चाई से जोड़ा है।आज की एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज देश को प्रजातंत्र के तीन अंगों में से सिर्फ और सिर्फ न्यायपालिका पर ही भरोसा शेष रहा है, विधायिका व कार्यपालिका के साथ ही चौथे कथित अंग खबर पालिका पर भी भरोसा शेष नही रहा। अब चूंकि पूरे देश को न्याय पालिका पर ही भरोसा रहा है और न्याय पालिका भी इस भरोसे को कायम रखने में जुटी है, तो फिर इन तथाकथित जांच एजेंसियों को सरकारी नियंत्रण से बाहर क्यों नही लाया जा रहा?यहाँ यह भी कटु सत्य है कि सरकार के अधिकांश दुष्कर्म' के मामलों की जांच का उत्तरदायित्व भी इन्हीं जांच एजेंसियों को सौंपा जाता है, जिन पर केन्द्र या राज्य में विराजित उन राजनेताओं का नियंत्रण रहता है जो स्वयं इन दुष्कर्मों' के सहभागी होते है, अब ऐसी स्थिति में तथाकथित इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों से सही न्यायपूर्ण व संवैधानिक जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है, यही मुख्य कारण है कि प्रजातंत्र के किसी भी अंग को सही व उचित न्याय नही मिल पाता और देश के आम नागरिक की खून-पसीनें की कमाई का अधिकांश पैसा इन कथित भ्रष्ट सत्ताधीशों की जेबों में चला जाता है, यही मुख्य कारण है कि आज के युवा वर्ग में राजनीति के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। ज.और देश को सकी गाढ़ी कमाई राशि के घपले पर न्याय भी नही मिल पाता क्योंकि जांच एजेंसियाँ इन्हीं भ्रष्टाचारियों के कब्जे में रहती है और यही कारण है कि भ्रष्टाचार का महारोग' दिन दूनी-रात चौगुनी गति से महामारी का रूप ग्रहण करता जा रहा है।इसलिए आज की सबसे अहम् और पहली जरूरत इन सरकारी जांच एजेंसियों को सरकार के नियंत्रण से बाहर करने की है और इसके लिए तथाकथित रूप से ईमानदार प्रधानमंत्री जी को ही संसद में संविधान संशोधन प्रस्तुत कर इन स्वतंत्र' एजेंसियों पर से अपना नियंत्रण हटाना पड़ेगा। खासकर केन्द्रीय गृहमंत्री से तो ऐसी अपेक्षा की ही जा सकती है? क्योंकि आज इन एजेंसियों की स्वायतता को लेकर हर तरफ से कई सवाल खड़े किए जा रहे है।क्या ही अच्छा हो, यदि मोदी सरकार इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों की अब तक की भूमिकाओं, उनकी कार्यशैली व उनकी मजबूरियों की निष्पक्ष समीक्षा कर संसद के माध्यम से इन्हें और अधिक सक्षम व विश्वसनीय बनाने की दिशा में अहम् भूमिका का निर्वहन करें? क्योंकि आज इन जांच एजेंसियों में भी अमले की कमी से लेकर अन्य कई समस्याऐं है, जिनके कारण ये एजेसिंया त्वरित न्याय नही दे पा रही है। इसलिए इनका हर तरीके से पूर्णरूपेण न्यायोचित निरीक्षण कर इनके सुधार की दिशा में पहल की जानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि इन एजेंसियों पर कितने और कितनी लम्बी अवधि के लम्बित मामले पेंडिंग है और इनका न्यायपूर्ण निपटारा कैसे व कितनी कम समयावधि में हो सकता है? यदि केन्द्र सरकार व प्रधानमंत्री व्यक्तिगत दिलचस्पी लेकर इस देशहित के कार्य को सम्पन्न करें, तो उनकी लोकप्रियता में अभिवृद्धि ही होगी।

**-ओमप्रकाश मेहता-**

# पेजर,मोबाइल,वॉकीटॉकी,लैपटॉप:टेक्नो बम का नया अवतार



घटती-घटना
विरेन्द्र बहादुर सिंह
नोएडा (उत्तरप्रदेश)

लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के मोबाइल,लैपटौप और बॉकीटॉकी सहित अनेक वायरलेस डिवाइस में विस्फोट होने के बाद भारी तबाही मची है। इन हमलों में लगभग 40 लोगों की मौत हुई है और 5000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने आरोप लगाया है कि इजरायल की गुप्तचर एजेंसी मोसाद ने यह सारा षडयंत्र रचा है। जवाबी कार्रवाई में हिजबुल्लाह अथवा ईरान के हैकर्स ने आधी रात को इजरायल के फोन आधी रात को बजा दिए। उन पर इमर्जेंसी मैसेज भेजा। मैसेज में इजरायलियों को सुरक्षित स्थान पर भाग जाने के लिए कहा गया था। इस तरह के हजारों मैसेज आने के बाद इजरायल में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया था।

आधुनिक टेक्नोलॉजी द्वारा बड़े पैमाने पर एक साथ विस्फोटक उपयोग हो सकता है। इस तरह की यह पहली बड़ी घटना है। इस घटना का राजनीतिक, सैन्य या सामाजिक असर की बात को किनारे कर के देखें कि संदेश व्यवहार के वायलेस साधनों द्वारा किए गए विस्फोट के पीछे कौन सा विज्ञान छुपा है? इसकी बात करनी है। किसलिए मोबाइल के युग में पेजर का उपयोग हो रहा था? दो दशक पुरानी पेजर टेक्नोलॉजी क्या है? संदेश व्यवहार के वायलेस साधनों द्वारा किस तरह विस्फोट किया गया होगा? यहां ऐसे ही सवालों के तार्किक जवाब देने की कोशिश की गई है।

### मोसादः मिशन इम्पासिबल

सकन मूरहाउस, भूतपूर्व ब्रिटेन आर्मी अधिकारी और विस्फोटक निर्यात करने वाले विशेषज्ञ का कहना है कि इजरायल की विदेशी गुप्तचर एजेंसी मोसाद इस तरह के हमलों को अंजाम देने के लिए जरूरी सभी सामान रखती है। इजरायल के भूतकाल में इस प्रकार के ऑपरेशन करने का लंबा इतिहास है। जनवरी, 1997 में गाजा में हमास के मुख्य बम निर्माता याह्या अय्याश को उड़ाने के लिए मोबाइल फोन का उपयोग किया गया था। द इंजीनियर के रूप में जाना जाने वाला अय्याश इजरायली पैसेंजर बसों पर आत्मघाती हमला करने के लिए व्यूहरचना के लिए जिम्मेदार माना गया था। इजरायली हमले से याह्या अय्याश की हत्या से इजरायल में बस बम विस्फोट की नई लहर आई थी।

7 अक्टूबर, 2023 को ईरान समर्थित हिजबुल्लाह मिलिशिया ने हमास के साथ मिल कर इजरायल में लेबनान-इजरायल सीमा पार राकेट छोड़ना शुरू किया था। इसमें इजरायल हथियार भंडार को निशाना बनाया गया था। माना जाता है कि उसी के जवाब में इजरायल ने यह हमला किया था। विस्फोट में उपयोग में लिया गया पेजर ताइवान के गोल्ड एपोलो का बनाया एआर 924 माडल था। पता चला है कि जिसे बना कर लेबनान में पहुंचाने का काम हंगेरी स्थित कंपनी बीएसी कंसल्टिंग कंपनी केएफ टी को अधिकृत किया गया था।

पिछले फरवरी महीने में लेबनान के आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरुल्लाह द्वारा संगठन के सदस्यों को चेतावनी दी गई थी कि वे मोबाइल फोन का उपयोग बंद कर दें। संगठन को उनके गुप्तचरों द्वारा जानकारी मिली है कि इजरायल मोबाइल फोन ट्रैक कर के कभी भी हमला कर सकता है। हिजबुल्लाह ने पांच महीने पहले अपने सदस्यों के लिए 5000 पेजर और वॉकीटॉकी का आर्डर दिया था। नए आए पेजर में एक निश्चित पद्धति का उपयोग कर के बम ब्लास्ट किया गया है। जिसके कारण हिजबुल्लाह ग्रुप में भय का माहौल बन गया है।

### मनुष्य को मौत देता मैसेज

इस संदेश व्यवहार पद्धति के निश्चित फायदे हैं, साथ ही साथ कुछ नुकसान भी हैं। पेजर संदेश भेजने वाला व्यक्ति और रिसीव करने वाला व्यक्ति अपनी पहचान छुपाए रख सकता है। मोबाइल फोन को ट्रैक कर के व्यक्ति कहां है, उसकी लोकेशन प्राप्त की जा सकती है। पर पेजर की लोकेशन ट्रैक नहीं की जा सकती। क्यों कि पेजर मात्र संदेश रिसीव करता है। वह अफना संदेश



ट्रांसमिट नहीं करता, इसलिए उसकी लोकेशन तय नहीं की जा सकती। इसके अलावा पेजर को हैक कर के निश्चित संदेश भेज कर बम ऐक्टिवेट हो सकता है। यह इसका फायदा मानो तो फायदा नुकसान मानो तो नुकसान।

हेमिश डी ब्रेटोन-गॉर्डन पूर्व ब्रिटेन सैन्य अधिकारी और रासायनिक हथियारों के विशेषज्ञ यहां दो संभावनाएं व्यक्त करते हैं। 1- पेजर या मोबाइल फोन में लगी बैटरी को इतना गरम करें कि बढ़ गए तापमान के कारण उसमें विस्फोट हो। 2- पेजर अथवा मोबाइल फोन में विस्फोटक पदार्थ लगा कर विनाशक बम बनाएं।

आधुनिक संदेश व्यवहार के लिए उपयोग में लाए जाने वाले साधन जैसे कि मोबाइल, पेजर, वॉकीटॉकी, लैपटौप आदि द्वारा बम विस्फोट हो सकता है। छोटे-मोटे बम बनाने के लिए मुख्य रूप से पांच चीजों की जरूरत पड़ती है। जिसमें 1- बम लगाने के लिए पात्र यानी कि कंटेनर, 2- पावर सप्लाई के लिए बैटरी, 3- बम विस्फोट के लिए प्रक्रिया शुरू करने के लिए ट्रिगर डिवाइस, 4- डेटोनेटर यानी कि बम विस्फोट को प्रेरित करे वह पदार्थ, 5- विस्फोटक या विनाशक विस्फोट करे पदार्थ का समावेश होता है। जिनमें शुरू की तीन चीजें पेजर, मोबाइल, वॉकीटॉकी और लैपटौप में होती ही हैं। मात्र डेटोनेटर और चार्ज यानी कि विस्फोटक लगा दें तो बम तैयार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार अभी पेजर द्वारा जो विस्फोट किया गया है, उसमें एक से तीन ग्राम विस्फोटक पदार्थ पीईटीएन यानी कि पेंटाएरिथ्रिटोल टेट्रानाइट का उपयोग किया गया होना चाहिए।

### पेजर यानी क्या?

संदेश व्यवहार के लिए उपयोग में लाया जाने वाला पेजर क्या है? डायबिटीज नापने के लिए पोर्टेबल कद के डिवाइस जैसा पेजर टेक्स्ट मैसेज प्राप्त करने के लिए उपयोग में लिया जाने वाला एक साधन है। मोबाइल के आने के पहले पेजर का उपयोग होता था। ज्यादातर टेक्स्ट मैसेज देने वाला पेजर वन वे टाइप का पेजर होता है यानी कि उसमें मैसेज रिसीव हो सकता है। पर उसमें जवाब नहीं दिया जा सकता। समय के साथ टू वे कम्यूनिकेशन और वाइस मैसेज भेजे इस तरह के पेजर भी उपलब्ध हुए हैं। मोबाइल के कारण संदेश व्यवहार में क्रांतिकारी परिवर्तन आने से समग्र चित्र बदल गया।

पेजर के शोध में एक से अधिक व्यक्ति और कंपनियां जुड़ी थीं। इस तरह पेजर के आविष्कारक के रूप में किसी एक व्यक्ति का नाम लेना उचित नहीं होगा। 1940 के दशक में दोनों दिशा में रेडियो पेजिंग सिस्टम की सैद्धांतिक विभावना एलोंजो लोन फ्रेंकलिन ने दी थी। इसलिए कुछ लोग पेजर के आविष्कारक के रूप में श्रेय एलोंजो लोन फ्रेंकलिन को देते हैं।

पेजर का वैज्ञानिक सिद्धांत रेडियो की तरह एकदम सरल है। पेजर सर्विस देता सर्विस प्रोवाइडर को संदेश देने वाला व्यक्ति अपना संदेश लिखवा सकता है। संदेश भेजना है, उसकी पहचान देता है। उसके बाद संदेश प्रोवाइडर कंपनी वह मैसेज समग्र सर्विस क्षेत्र में ट्रांसमिशन टावर द्वारा प्रसारित कर देती है। इस तरह संदेश का ट्रासमिशन समग्र सर्विस क्षेत्र में होता है। जिसे रेडियो ब्राडकास्ट भी कहते हैं।

किसी भी व्यक्ति को संदेश समग्र नेटवर्क पर रेडियो तरंगों की निश्चित फिक्वंसी द्वारा ब्राडकास्ट किया जाता है। यह संदेश पेजर नाम का रिसीवर उपकरण प्राप्त करता है। यही रिसीवर ही पेजर के रूप में जाना जाता है। संदेश आने पर उसमें बीप बीप की आवाज आती है। इसलिए यह ब्लिपर के रूप में भी जाना जाता है। आया संदेश, संदेश प्राप्त करने वाला व्यक्ति डिस्प्ले पर देख सकता है। पेजर ज्यादातर वन वे संदेश व्यवहार करता है, इसलिए संदेश का जवाब संदेश पाने वाला व्यक्ति दे नहीं सकता।

### टेक्नो बम का नया स्वरूप

अब सवाल यह उठता है कि पेजर को बम में किस तरह बदला गया था? किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में तापमान बढ़ने से बैटरी गरम होती है। इस प्रक्रिया को थर्मल रनवे कहते हैं। इस प्रक्रिया द्वारा बैटरी फटने से बम जैसा विस्फोट हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में उपयोग में आने वाली लीथियम आयन बैटरी में होती खतरनाक और विस्फोटक प्रक्रिया को थर्मल रनवे के रूप में जाना जा सकता है। उपकरण के साथ-साथ बैटरी का तापमान भी उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है। उपकरण जब सूर्य की धूप में सीधे संपर्क में आता है, आग का संपर्क हो अथवा किसी बाहरी कारण से उपकरण का तापमान बढ़ता है, तो उपकरण में प्रसारित होने वले प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होने के कारण भी थर्मल रनवे जैसी प्रक्रिया शुरू होती है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स में अवरोध बढ़ने से इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे गरम होते हैं। इंटर्नल शार्ट सर्किट होता है तब भी बैटरी का तापमान बढ़ता है। बैटरी अधिक चार्ज की जाए, तब भी ओवर चार्जिंग के कारण तापमान बढ़ता है। किसी समय बैटरी पूरी खाली हो जाए और बारबार चार्जिंग प्रक्रिया चालू रहे, तब भी थर्मल रनवे प्रक्रिया शुरू हो जाती है। जो अंत में विस्फोट में बदल जाती है।

लेबनान में हुए विस्फोट में दूसरे प्रकार की संभावना यानी कि पेजर, मोबाइल फोन, वॉकीटॉकी, लैपटौप में विस्फोटक पदार्थ लगा कर विनाशक बम बनाना अधिक लगता है। जिसके अनुसार आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को पेजर, वॉकीटॉकी पहुंचे उसके पहले ही सप्लाई चेन तोड़कर पेजर को छोटे बम के रूप में बदलने का काम किया गया होगा। पेजर हिजबुल्लाह के सदस्यों के पास पहुंचने के बाद निश्चित संदेश भेज कर बम को ऐक्टिवेट किया गया होगा। बैटरी और विस्फोट पदार्थ फटते ही उसमें बम विस्फोट हुआ होगा। एक संभावना यह भी है कि बैटरी का उपयोग ही डेटोनेटर के रूप में किया गया होगा। समग्र चित्र देखें तो लेबनान में हुए बम विस्फोट बैटरी के थर्मल रनवे की अपेक्षा विस्फोटक पदार्थ का उपयोग कर के बम विस्फोट करने की संभावना अधिक लगती है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के तर्ज पर वाईएम क्लब अंबिकापुर द्वारा बनाया जा रहा है दुर्गा पण्डाल

## 12 ज्योतिर्लिंगों में से तीन ज्योतिर्लिंग के तर्ज पर पूर्व में बन चुका है दुर्गा पंडाल

» 3 अक्टूबर को विराजेंगी मां दुर्गा

» वाईएम क्लब की स्थापना हुई थी 50 वर्ष पहले पर पिछले 3 वर्षों से दुर्गा पूजा का भी कर रहे आयोजन...

» पहले गणेश पूजा व जन्माष्टमी का होता था आयोजन...

-संवादाता-

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024** (घटती-घटना)। अश्वनी मास में शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होती है हिंदू धर्म में नवरात्र का बहुत अधिक महत्व होता है हिंदू पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्रि का पर्व गुरुवार 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है जो 12 अक्टूबर को समाप्त होगा, दुर्गा पूजा को लेकर जगह-जगह तैयारी हो रही है और मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडालो को सजाया जा रहा है। मां दुर्गा के आने के लिए उनके दरबार सजने लगे है और पंडालो को अंतिम रूप देने का प्रयास चल रहा है, एक से एक भव्य पांडाल तैयार किया जा रहे हैं कुछ ऐसा ही अंबिकापुर के केदारपुर वाईएम क्लब द्वारा दुर्गा पूजा के लिए भी पंडाल बनाया जा रहा है, पंडाल की आकृति 12 ज्योतिर्लिंग में से एक महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की आकृति बनाई जा रही है जो काफी भव्य आकर्षक है, जिसे देखने के लिए लोगों का अभी से ही आना-जाना लगा हुआ है इस पंडाल को कोलकाता के कारीगर द्वारा तैयार किया जा हैं।

वाईएम क्लब के अध्यक्ष किशन सिंह, उपाध्यक्ष अंकित दुबे, संरक्षक शशिकांत सिंह, रविंद्र दुबे, सुशील पांडे एवं इश्वर ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वाईएम क्लब केदारपुर अंबिकापुर की स्थापना 50 वर्ष पूर्व हुई थी उसे उस समय से यह क्लब गणेश पूजा व जन्माष्टमी का कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है, बीच में कुछ वर्षो से समिति के लोगों ने रुचि नहीं दिखाई जिस वजह से पूजा स्थगित रहा, पीछले 20 वर्षो से एक बार फिर से यह लगातार समय-समय पर गणेश पूजा कृष्ण जन्माष्टमी का पूजा अर्चना करते आ रहे है, पिछले 4 वर्षो से शारदीय नवरात्रि पर मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूरे 9 दिन विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है, लोगों में काफी उत्साह रहता है और लोगों को इस दिन का बहुत पेशाबरी से इंतजार रहता है, यहां का आकर्षक दुर्गा पंडाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र भी होता है, प्रथम वर्ष सर्वमंदीर बनाने के बाद हमारी समिति के द्वारा निर्णय लिया गया था कि भारत के 12 ज्योतिर्लिंग के आकृति के समान ही पंडाल बनाए जाएंगे, जिसमें से हमने पिछले तीन सालों में तीन ज्योतिर्लिंगों के आकृति पर पंडाल बना चुके हैं जिसमें केदारनाथ उत्तराखंड व विश्वनाथ (उत्तर प्रदेश) के तर्ज पर पंडाल बन चुके हैं इस बार हम चौथी ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर (मध्य प्रदेश) की तर्ज पर पंडाल बना रहे हैं जो काफी आकर्षित है और इसे बनाने के लिए कारीगर कोलकाता से आए हुए हैं।



### शारदीय नवरात्र 2024

03 अक्टूबर 2024- मां शैलपुत्री की पूजा
04 अक्टूबर 2024- मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
05 अक्टूबर 2024- मां चंद्रघंटा की पूजा
06 अक्टूबर 2024- मां कूष्मांडा की पूजा
07 अक्टूबर 2024- मां स्कंदमाता की पूजा
08 अक्टूबर 2024- मां कात्यायनी की पूजा
09 अक्टूबर 2024- मां कालरात्रि की पूजा
10 अक्टूबर 2024- मां सिद्धिदात्री की पूजा
11 अक्टूबर 2024- मां महागौरी की पूजा
12 अक्टूबर 2024- विजयदशमी (दशहरा)

### शारदीय नवरात्र 2024 तिथि

हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 03 अक्टूबर को देर रात 12 बजकर 18 मिनट से शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 04 अक्टूबर को देर रात 02 बजकर 58 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। अतः गुरुवार 03 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। इस विशेष तिथि पर हस्त नक्षत्र और चित्रा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इस वर्ष शारदीय नवरात्र 03 अक्टूबर से लेकर 11 अक्टूबर तक है। वहीं, 12 अक्टूबर को दशहरा यानी विजयादशमी है।

### शारदीय नवरात्रि 2024 घटस्थापना समय

ज्योतिषियों की मानें तो शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर घटस्थापना मुहूर्त 03 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 22 मिनट तक है। वहीं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 46 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक है। इन दोनों शुभ योग समय में घटस्थापना कर मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं।

# अम्बिकापुर शहर की तीसरी आंखों पर लगा ग्रहण




» निगरानी में लगे 39 सीसीटीवी कैमरे नहीं कर रहे काम

-संवादाता-

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024** अंबिकापुर शहर में सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब होने लगे हैं। यह एक गंभीर समस्या है जो न केवल सुरक्षा की कमी को दर्शाती है, बल्कि अपराधियों को भी प्रोत्साहित करती है।

सरगुजा पुलिस ने शहर सुरक्षा के लिए चौक चौराहों सहित शहर के अन्य हिस्सों में करीब 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। कैमरों की तस्वीरें पुलिस कंट्रोल रूम में लगाए गए बड़ी स्क्रीनों पर आती हैं। इंटिग्रिटेड कंट्रोल रूम के माध्यम से हर सीसी कैमरे से आने वाली तस्वीरों पर नजर रखी जा रही थी। शहर में लगे इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी-लूटपाट सहित अन्य घटना में शामिल रहने वाले कई आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता भी मिल चुकी है। रख रखाव व मेंटेनेंस के अभाव में पिछले कुछ दिनों से इनमें से 39 कैमरे खराब होकर बंद हो गए हैं। शहर की तीसरी आंख कहे जाने वाले सीसीटीवी कैमरों पर ग्रहण लगा हुआ है। संभवतः यही कारण है की बीते कुछ दिनों से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाओ में इजाफा हुआ है। शहर में चोरी सहित अन्य वारदातों को अंजाम देकर फरार होने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस के लिए शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे ब्रम्हास्त्र का काम करते है। सरगुजा पुलिस ने भी माना है की शहर में लगे कैमरो से आरोपियों को पकड़ने में काफ़ी हद तक पुलिस को सफलता मिलती है। जिन्हें अब पुलिस विभाग दुरुस्त करवाने की बात कह रहा है।

### अपराधियों को अपराध छिपाने का मिलता है मौका

सीसीटीवी कैमरे शहर की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे अपराधियों को पहचानने और उन्हें पकड़ने में मदद करते हैं। लेकिन जब ये कैमरे खराब हो जाते हैं, तो अपराधियों को अपने अपराधों को छिपाने का मौका मिलता है।

सरगुजा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों ने कहा है कि बिलासपुर की एजेंसी को जानकारी दे दी गई है। एजेंसी जल्द ही अंबिकापुर पहुंचकर बंद सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत करेगी। जिसके बाद शहर भर की निगरानी के लिए कैमरे सुचारू रूप से चलने लगेंगे।

# छत्तीसगढ़ में बेलगाम अपराध और कानून व्यवस्था को सम्हालने में भाजपा सरकार की विफलता



-संवादाता-

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024।** छत्तीसगढ़ में बेलगाम अपराध और कानून व्यवस्था को सम्हालने में भाजपा सरकार की विफलता के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में आज पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने शिरकत की। 27 सितंबर को गिरौदपुरी से यात्रा के प्रारंभ में भी वे मौजूद थे।यात्रा प्रारंभ होने के पांचवें दिन यात्रा राजधानी रायपुर पहुंच गई है। बुधवार यात्रा के अंतिम दिन यात्रा की शुरुआत रायपुर के सड्डू से प्रारंभ होगी जो गांधी मैदान में समाप्त होगी। गांधी मैदान में कांग्रेस ने एक सभा का भी आयोजन किया है, जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के शामिल होने की संभावना है। आज की यात्रा में सरगुजा जिले से पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, जे पी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, मधु सिंह, आशीष वर्मा, नीतीश चौरसिया, हिमांशु जायसवाल, शुभम जायसवाल, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, संजर नवाज, अनिकेत गुप्ता, राहुल सोनी, जितेंद्र, अविनाश साहू, अंकित साहू, पीयूष सोनी, मनीष साहू,सालिक अंसारी आदि शामिल हुए।

# महामाया मंदिर में ज्योति कलश जलवाने के लिए विदेशी भक्त भी करा रहें बुकिंग

-संवादाता-

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024।** शारदीय नवरात्र 3 से 11 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसे लेकर देवी मंदिरों, शक्ति पीठों में तैयारियों शुरू हो गई है। सरगुजा की आराध्य देवी मां महामया मंदिर व दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ उमड़ती है। वहीं नवरात्र शुरू होने का मात्र अब 5 दिन ही शेष रह गया है। मंदिरों में प्रज्जवलित होने वाले मनोकामना ज्योति कलश की बुकिंग शुरू हो गई है। इस वर्ष मंदिरों में महंगाई का असर देखा जा रहा है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष धृत ज्योति कलश के लिए 6 सौ व तेल ज्योति कलश के लिए 2 सौ रुपए की वृद्धि की गई है। इसके बावजूद भी महंगाई का असर श्रद्धालुओं पर नहीं दिखा है। महामाया मंदिर में ज्योति कलश के लिए अब तक 34 सौ से अधिक भक्तों ने अपने नाम से रशिद कटा चुके हैं।

### पिछले वर्ष तक यह था रेट

मां महामाया मंदिर में हर वर्ष शारदीय व चैत्र नवरात्र में मनोकामना ज्योजिक कलश प्रज्जवलित किए जाते हैं। इसके लिए श्रद्धालु अपने-अपने नामों से बुकिंग कराते हैं। पिछले वर्ष तक मां महामाया मंदिर में धृत ज्योति कलश का रेट 15 सौ रुपए था। जो इस वर्ष शारदीय नवरात्र में इसे बढ़ाकर 21 सौ रुपए कर दिया गया है। वहीं तेल ज्योति कलश का रेट 600 रुपए था। जिसे बढ़ाकर 800 रुपए कर दिया गया है।



### विदेश में रहने वाले भक्तों ने भी कराई बुकिंग

सरगुजा की आराध्य देवी मां महामया का आस्था विदेशों में भी है। विदेशी भक्तों ने भी इस वर्ष शारदीय नवरात्र में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने के लिए रशीद कटाया है। अमेरिका में रहने वालीं अप्रवासी भारतीय अंबिकापुर की मूल निवासी स्वाति पटेल ने अपनी बेटी दिया पटेल के नाम मनोकामना ज्योति कलश के लिए रशीद कटाई है। इसी तरह इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया व मलेसिया में रहने वाले अप्रवासी भारतीय अंबिकापुर की मूल निवासियों ने भी महामाया मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश के लिए रशी कटाई है।

### इस बार 6500 ज्योति कलाश का टारगेट

मां महामाया समिति ने बताया कि इस वर्ष लगभग 65 सौ ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने की संभावना है। इसके लिए मंदिर में तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर की रंगाई पुताई का काम जोरों पर चल रहा है। वहीं इस वर्ष तेल व घी महंगे होने के कारण ज्योति कलश के रेट में वृद्धि की गई है।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

-संवादाता-

**लखनपुर,01अक्टूबर 2024।** सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर मुख्य मार्ग के गवटिया पारा मोड़ के पास मंगलवार की शाम लगभग 4 बजे बाइक सवार अनियंत्रित होकर आम पेड़ के गोला से टकराकर सडक़ पर गिर गया। अंदरुनी गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हों गई। घटना की सूचना मिलते हैं डायल 112 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी है।

युवक का नाम सुरेश पिता हुलास राम जाति बरगाह 21 वर्ष ग्राम पुहपुट्रा थाना लखनपुर निवासी बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि युवक ग्राम पुहपुट्रा से लखनपुर किसी कार्य के लिए जा रहा था। गणेशपुर गवटिया पारा मोड के पास जैसे ही पहुंचा, युवक बाइक से नियंत्रण खो दिया और सडक़ किनारे रखे आम पेड़ की गोला में टकराते हुए सडक़ पर गिर गया। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटे आई और खून की उल्टी करने के बाद मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एनएचएम कर्मचारी कर रहे है बड़े आंदोलन की तैयारी

## नियमितिकरण,स्थाईकरण के लिये लंबे समय से एनएचएम स्वास्थ्य संविदा कर्मी कर रहे हैं संघर्ष



-संवादाता-

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ सरगुजा की जिला स्तरीय बैठक विगत दिनों आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष डा. अमित कुमार मिरी, डा. रविशंकर दीक्षित, पूरन आनंद उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष शिल्पी राय के नेतृत्व में समस्त एनएचएम कर्मचारियों ने अतिथियों को स्वागत किया। तत्पश्चात् उपस्थित कर्मचारियों द्वारा हो रही समस्याओं एवं गतिविधियों से प्रांतीय टीम को अवगत गया। प्रांतीय टीम के द्वारा सभी सवालों के जवाब बड़े ही तार्किक ढंग से दिये गये। एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाली गतिविधियों एवं आगे की रणनीति के संबंध में सुझावों का आदान-प्रदान किया गया और निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित स्वास्थ्य सचिव व एमडी एनएचएम से मुलाकात की जायेगी। एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांग अतिशीघ्र पूरा नही होने पर बड़ा आंदोलन करने की योजना पर भी चर्चा किया गया।

ज्ञात हो की संविदा कर्मचारियों ने जुलाई 2023 में 01 माह से भी ज्यादा समय तक रायपुर में आंदोलन किया था, जिसमें भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं वर्तमान मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, केदरा कश्यप सहित भाजपा के नेता हड़ताल स्थल में उपस्थित होकर भाजपा सरकार बनने पर 100 दिवस में उक्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने तथा नियमितीकरण, स्थाईकरण की बात कही गई थी।

सरकार बने 10 माह से भी ज्यादा समय हो गया है, लेकिन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्या जस की तस बनी हुई है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को 27 प्रतिशत् वेतन वृद्धि का भी लाभ नही दिया जा रहा है। जिसके कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों में धीरे-धीरे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सभी जिला स्तर में मीटिंग कर आगे की रणनीति बनाना शुरू कर दिये है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त सुभद्रा पैकरा के द्वारा किया गया।

# लाइवलीहुड कॉलेज को 1-0 गोल से व फुटबॉल क्लब लुचकी को 3-0 गोल से करना पड़ा हार का सामना



-संवादाता-

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024।** गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे संभाग स्तरीय नॉक आउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को दो मैच खेला गया। पहला मैच सरगुजा फुटबॉल एकेडमी अंबिकापुर विरुद्ध लाइवली हुड कॉलेज अंबिकापुर के मध्य खेला गया। प्रथम हाफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। मध्यांतर तक मैच बराबरी पर रहा। दूसरे हाफ में दोनों टीम अच्छे खेल के प्रदर्शन किया। सरगुजा फुटबॉल एकेडमी के नील भूषण ने अपने टीम के लिए 1गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। समय समाप्ति तक सरगुजा फुटबॉल एकेडमी की टीम 1-0 गोल से विजेता बनी। दूसरा मैच फुटबॉल क्लब तालपारा विरुद्ध फुटबॉल क्लब लुचकी के मध्य खेला गया। तालपारा की टीम के अनिमेष बड़ा ने प्रथम हाफ में 1 गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त बना दी। दूसरे हाफ में तालपारा की टीम अच्छे ताल मेल से खेलते हुए सुरजन ने 1 गोल और प्रकाश कुजूर ने तीसरा गोल कर टीम को 3-0 से बढ़त बना दी। खेल के अंतिम समय तक ताल पारा 3-0 से विजेता बनी। मैच के दौरान रेफरी दिनेश तिर्की, ललित किशोर ,विल्सन कुजूर, महिला स्टेट रेफरी सीमा तिर्की ने खेल को संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बुधवार को प्रतियोगिता में दो मैच खेला जाएगा। पहला मैच संत इग्निस नमना अंबिकापुर विरुद्ध फुटबॉल क्लब चाची राजपुर व दूसरा मैच ब्राइट स्टार विश्रामपुर विरुद्ध जेएफसी कुन्नी के मध्य खेला जाएगा।

# हाईटेंशन तार के झटके से गिरकर युवक जख्मी

-संवादाता-



**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024।** सेंट्रिंग का काम कर रहा युवक हाईटेंशन तार की चपेट में आकर छत से नीचे जमीन पर गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक सलका अधिना अंतर्गत ग्राम बनटिकरा निवासी समय लाल पिता ललन देवांगन 42 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता है। वह अंबिकापुर के गंगापुर दर्रीडांड में निर्माणाधीन मकान में सेंटरिंग का काम कर रहा था। छत के पास से 11 हजार किलोवाट का हाई टेंशन तार गुजरा है। सेंट्रिंग बांधते समय वह हाइटेंशन तार के करीब आ गया और करंट का जोरदार झटका लगने से वह छत से नीचे जमीन पर गिर गया, जिसमें उसे सर में गंभीर चोटें आई है। मकान स्वामी को इसकी जानकारी मिली और वह उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है।

# बाइक की ठोकर से घायल वृद्ध महिला की मौत

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2024।** बाइक की ठोकर से घायल वृद्ध महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जशपुर जिला के ग्राम नारायणपुर अंतर्गत ग्राम वनकोंबो निवासी सलोमी पति स्वर्गीय अगस्तुस टोप्पो 75 वर्ष, 30 सितंबर की शाम को 6 बजे खेत से घास साफ करके पैदल घर आने निकली थी, इसी दौरान ग्राम बनकोंबो में ही रहने वाली बहन पुष्पा के घर के पास बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएम 3135 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए उसे ठोकर मार दिया। घायल अवस्था में परिजन उसे निजी वाहन से कुनकुरी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर आ रहे थे, इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा परिसर में उपस्थित चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने पंजाब के 7 मजदूरों की हत्या की



**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों ने रविवार को पंजाब के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। बलूचिस्तान में लक्षित हत्या की यह नवीनतम घटना है। पुलिस ने बताया कि पंजगुर कस्बे के खुदा-ए-अबादान इलाके में ये मजदूर एक मकान के निर्माण कार्य में लगे थे। उसने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने यह हमला उस समय किया जब सभी मजदूर दिनभर काम करने के बाद एक ही छत के नीचे सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि सभी पंजाब के मुल्तान जिले के रहने वाले थे। पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने समाचार पत्र 'डॉन को बताया, ''गोलीबारी में सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान साजिद, शफीक, फैयाज, इफ्तिखार, सलमान, खालिद और अल्लाह वासिया के रूप में हुई है। किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पंजगुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फाजिल शाह बुखारी ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमला है और जांच शुरू कर दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हमले की निंदा की।

### लेबनान दौरे पर पहुंचे फ्रांस के विदेश मंत्री

**बेरूत, एजेंसी।** इस्राइल लगातार लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हवाई हमले कर रहा है। इन हमलों के बीच रविवार को फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट लेबनान पहुंचे हैं। इस्राइल के हमलों के बाद फ्रांस ने तुरंत हमले रोकने की मांग की थी। फ्रांस की तरफ से लेबनान को मानवीय मदद भी पहुंचाई गई है। इस्राइल-हिजबुल्ला की लड़ाई के पूरे पश्चिम एशिया में फैलने का डर है।

### अमेरिका का सीरिया में बड़ा हवाई हमला, 37 आतंकी ढेर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने रविवार को सीरिया में आतंकियों के ठिकानों पर चुन-चुन कर हमले किए. इन हमलों में आईएसआईएस के बड़े नेताओं सहित 37 आतंकवादियों को मार गिराया गया. एक बयान में अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने कहा कि सुरक्षा बलों ने सीरिया में टारगेटेट अटैक किए. इस दौरान आईएसआईएस और अलकायदा से जुड़े हुर्र अल-दीन के आतंकवादी संगठनों के कई बड़े नेताओं समेत 37 आतंकवादियों को मार गिराया गया. बयान में आगे कहा गया कि हवाई हमले क्षेत्र के साझेदारों के साथ मिलकर किए गए. इसमें सहयोगियों ने हमलों की योजना बनाने, उन्हें संगठित करने, आतंकवादियों के प्रयासों को बाधित करने और उन्हें कमजोर करने में मदद की. बता दें कि इससे पहले 24 सितंबर को अमेरिकी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिम सीरिया में एक टारगेटेड अटैक किया था. इसमें नौ आतंकवादी मारे गए थे, जिनमें सीरिया से सैन्य अभियानों की देखरेख के लिए जिम्मेदार हुर्रस अल-दीन का एक वरिष्ठ नेता मारवान बासम अब्द-अल-रऊफ भी शामिल था. हुर्रस अल-दीन सीरिया में अलकायदा से संबद्ध संगठन है. इसका उद्देश्य अमेरिका और पश्चिमी हितों को निशाना बनाना है. मारवान बासम अब्द-अल-रऊफ के खिलाफ सफल हमला हुर्रस अल-दीन के एक अन्य वरिष्ठ नेता अबू-अब्द अल-रहमान अल मक्की की हत्या के एक महीने बाद हुआ है. अमेरिकी सुरक्षा बलों ने अपने बयान में 16 सितंबर को आईएसआईएस के एक प्रशिक्षण शिविर पर किए गए हमले की भी जानकारी दी. इस हमले में 28 आईएसआईएस आतंकी मारे गए. इसके साथ ही 16 सितंबर की सुबह भी मध्य सीरिया में एक सुदूर आईएसआईएस ट्रेनिग सेंटर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए गए. इस हमले में कम से कम चार बड़े नेताओं सहित कम से कम 28 आईएसआईएस मारे गए।

### इजराइली नेता से बात करेंगे, पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध टाला जाना चाहिए : बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी प्रशासन ने सावधानी से कदम उठाने की कोशिश की है, क्योंकि उसने हमास के साथ इजराइल के युद्ध को रोकने की कोशिश की है, जो हिज्बुल्ला की तरह ईरान द्वारा समर्थित है, ताकि यह एक व्यापक युद्ध में न तब्दील हो। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करेंगे और उनका मानना है कि पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध से बचा जाना चाहिए। वाशिंगटन के लिए एयरफोर्स वन विमान में सवार होते समय बाइडन ने संवाददाताओं से कहा, ''ऐसा होना ही चाहिए। हमें वास्तव में इसे रोकना है।'' राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रविवार को लेबनान में इजराइल के हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह नेतन्याहू से कब बात करेंगे। इजराइल ने चरपंथी समूह हिज्बुल्ला के कमान पर कई हमले किए हैं और ऐसे ही हमले में उसका अध्यक्ष हसन नसरल्ला भी मारा गया है। अमेरिका नसरल्ला की मौत को हिज्बुल्ला के लिए एक बड़ा झटका मानता है। साथ ही, अमेरिकी प्रशासन ने सावधानी से कदम उठाने की कोशिश की है।

# डोनाल्ड ट्रंप की फिर फिसली जुबान, कमला हैरिस पर आपत्तिजनक टिप्पणी, कहा— वो मानसिक रूप से विकलांग





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, उम्मीदवारों के एक-दूसरे पर निजी हमले बढ़ गए हैं। एक दिन पहले नेवाडा में कमला हैरिस की रैली से पहले लास वेगास में डोनाल्ड ट्रंप की 43 फीट ऊंची नग्न प्रतिमा की प्रदर्शनी लगाई गई। लास वेगास नेवाडा जिले में सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस पर एक बार फिर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने एक रैली में उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस को मानसिक रूप से विकलांग कहा। ट्रंप ने मांग की कि चुनाव जीतने के लिए विदेशी अपराधियों के लिए अमेरिका के द्वार खोलने के कारण कमला हैरिस को अयोग्य घोषित कर देना चाहिए। ट्रंप का अवैध डेमोक्रेटिक सरकार पर अवैध प्रवासियों को अमेरिका में रहने की परमिशन देने का आरोप है।

डोनाल्ड ट्रंप ने विस्कॉन्सिन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अवैध रूप से सीमा पार करने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को अमेरिका में आने देने वाली डेमोक्रेटिक सरकार की आलोचना की जानी चाहिए। उन्होंने ऐसे अप्रवासियों के खिलाफ कठोर शब्दों का प्रयोग किया और आरोप लगाया कि ये लोग महिलाओं के खिलाफ अपराध में सबसे ज्यादा शामिल हैं। ट्रंप ने इसके लिए डेमोक्रेटिक सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कमला हैरिस को मानसिक रूप से विक्षिप्त कहा और आरोप लगाया कि वे चुनाव जीतने के लिए ऐसे अपराधियों को देश के भीतर आने दे रही हैं।

दरअसल, कमला हैरिस ने बीते शुक्रवार को अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा किया था, जहां अधिकतर अप्रवासी लोग रह रहे हैं। जनसभा के दौरान ट्रंप का फोकस अप्रवासियों पर केंद्रित था। उन्होंने अप्रवासियों के लिए राक्षस, पत्थर दिल जैसे शब्दों का प्रयोग किया और आरोप लगाया कि हैरिस और मौजूदा जो बाइडेन सरकार इस तरह के अपराधियों को अमेरिका में पनाह देकर देश के साथ धोखा कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ट्रंप ने कमला हैरिस का एक वीडियो भी शेयर किया था। जिसमें हैरिस ने समर्थकों के साथ अवैध अप्रवासियों के समर्थन में नारे लगाए थे।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है। इससे पहले ट्रंप ने पहले हैरिस को पागल, और पत्थर कहा था। गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 5 नवंबर को होना है। जनमत सर्वेक्षणों में कमला हैरिस और ट्रंप के बीच जोरदार टक्कर है, लेकिन कई जगहों पर हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ रही हैं। ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी ने बाइडेन सरकार पर अवैध अप्रवासियों को अमेरिका में घुसने और बसने की परमिशन देने के आरोप लगाए हैं।

### नेपाल में बाढ़-भूस्खलन- 4 दिन में 170 लोगों की मौत:50 से ज्यादा लापता, 300 से ज्यादा घर डूबे, 16 पुल भी टूटे

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां गुरुवार से लगातार पानी गिर रहा है। इसकी वजह से पूर्वी और मध्य नेपाल के कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं। कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ भी आई है।

अकेले काठमांडू घाटी में 40 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। न्यूज एजेंसी क्क्षढ्ढ के मुताबिक बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की वजह से 55 से ज्यादा लोग लापता हैं और 100 से अधिक घायल हुए है। साथ ही कम से कम 322 घर और 16 पुल अब तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। सड़कों पर फंसे हुए हैं लोग भारी बारिश और बाढ़ की वजह से सड़कों पर भूस्खलन और जलभराव हुआ है। इसके चलते सैकड़ों लोग सड़कों पर फंसे हुए हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए 20 हजार से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों को लगाया हुआ है। अब तक करीब 3600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। भूस्खलन के बाद सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते सैकड़ों लोग सड़कों पर फंसे हुए हैं। भूस्खलन के बाद सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते सैकड़ों लोग सड़कों पर फंसे हुए हैं। बिहार में भी बाढ़ की संभावना नेपाल में बारिश के कारण 56 साल बाद कोसी नदी रिकॉर्ड तोड़ने वाली है।

## गले मिले और खिल उठे चेहरे, सुनीता विलियम्स को लाने पहुंचे एस्ट्रोनॉट्स का आईएसएस में हुआ स्वागत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष से वापस लाने गया स्पेसएक्स कैप्सूल फाल्कन 9 इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में पार्क हो गया है। इस स्पेसयान से दो अंतरिक्ष यात्री भी वहां पहुंचे हैं। इन दोनों यात्रियों का स्पेस स्टेशन पर जोरदार स्वागत हुआ। मिशन की लाइव स्ट्रीमिंग में यह नजारा दिखाया गया है। इसमें नजर आ रहा है कि स्पेस स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्री निक हेग और एजेक्जेंडर गोर्बुनॉव से गले मिले। क्रू 9 आईएसएस में कुल 200 वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम देगा। फाल्कन 9 रॉकेट ने शनिवार को 1 बजकर 17 मिनट पर फ्लोरिडा के केप केनेवराल से उड़ान भरी थी। यह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रविवार को शाम 5 बजकर 30 मिनट पर पहुंच गया। इसके बाद करीब 7 बजे नासा के एस्ट्रोनॉट निक हेग और रूसी कॉस्मोनॉट एलेक्जेंडर गोर्बुनॉव इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में दाखिल हुए। यहां पर यह दोनों वहां पहले से मौजूद एस्ट्रोनॉट्स से गले मिले। इन दोनों को देखकर वहां मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों के चेहरे भी खिल उठे। नासा के डिप्टी एडिमिनिस्ट्रेटर पाम मेलरॉय ने कहाकि यह एक बहुत ही शानदार दिन है। हेग और गोर्बुनॉव जब फरवरी में वापस धरती पर लौटेंगे तो वह अपने साथ बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को भी लेकर आएंगे। यह दोनों इसी साल करीब आठ दिन की यात्रा पर अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे थे। लेकिन इनके स्पेसयान में खराबी आने के चलते दोनों अब वहां पर फंस गए हैं। इन दोनों की वापसी अब फरवरी 2025 में होने वाली है। सुनीता और विल्मोर को लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गया स्टारलाइनर वापसी के लिए फिट नहीं पाया गया था। इसके बाद यह स्पेसयान बिना क्रू मेंबर के ही धरती पर लौट आया था।

## ब्रिटेन में 12 साल की बच्ची को निर्वस्त्र करके पीटने वाला पुलिस अधिकारी बर्खास्त

**लंदन, एजेंसी।** अगर रक्षा करने वाला ही हद पार कर दे तो आमजन किससे अपनी सुरक्षा की आस लगाएंगे। ब्रिटेन से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारी को 12 साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के लिए बर्खास्त किया गया है। कदाचार पैनल ने पाया कि अधिकारी ने कई बार मासूम बच्ची को नंगा करके पीटा था। 2018 में बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप पुलिस ने बताया कि पैनल इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि रॉस बेन्सन पर अप्रैल और अगस्त 2018 के बीच बच्ची को मारने का आरोप लगाया गया था। बच्ची बेन्सन को जानती थी और जब वह ड्यूटी पर नहीं था, तब ये घटनाएं घटीं। उसने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की थी। सुनवाई के बाद बेन्सन को बिना किसी नोटिस के बर्खास्त कर दिया गया और पुलिसिंग कॉलेज की प्रतिबंधित सूची में रखा गया है। कदाचार की जांच हुई थी शुरू बेन्सन ने लंदन में नॉर्थ वेस्ट बेसिक कमांड यूनिट में काम किया था। साल 2020 की नवंबर में बेडफोर्डशायर पुलिस ने बेन्सन को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया था। मगर, सितंबर 2021 में जानकारी दी गई कि आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके बाद बेडफोर्डशायर पुलिस ने मामले को मेट के व्यावसायिक मानकों के निदेशालय को भेज दिया।

# पाकिस्तान में ऐसा संकट कि 6 मंत्रालय ही बंद और डेढ़ लाख नौकरियां खत्म, पर मुसीबत जारी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान ऐसे आर्थिक संकट में घिर गया है कि अब उसने डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां समाप्त कर दी हैं। इसके अलावा 6 मंत्रालयों को ही भंग कर दिया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि सरकारी खर्च को रोका जा सके। यही नहीं दो मंत्रालयों का अन्य विभागों के साथ विलय कर दिया गया है। आईएमएफ से 7 अरब डॉलर की लोन डील के तहत पाकिस्तान सरकार ने ये कदम उठाए हैं। पाकिस्तान लगातार संकट के दौर से गुजर रहा है और आईएमएफ से लोन की एक किस्त मिलने के बाद भी उसका संकट समाप्त नहीं हुआ है। अब वह एक और राउंड का लोन लेने के लिए जुगत भिड़ा रहा है।

आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए मंजूर लोन की पहली किस्त 26 सितंबर को जारी की थी। इसके तहत 1 अरब डॉलर का पैकेज घोषित किया गया है। आईएमएफ ने इसके साथ ही पाकिस्तान सरकार को आदेश दिया है कि वह अपने खर्च घटाएं, टैक्स में इजाफा करे, कृषि और रियल एस्टेट जैसे सेक्टरों में पर भी टैक्स लगाया जाए। इसके अलावा सब्सिडी खत्म की जाए और कुछ योजनाओं को भी सीमित किया जाए। अमेरिका से लौटे पाकिस्तानी वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि आईएमएफ के साथ डील हो गई है। यह हमारी आखिरी डील होगी।

हमें इसके तहत कुछ नीतियों को लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि इसी के तहत हम सरकारी खर्चों में भी कटौती कर रहे हैं। 6 मंत्रालयों को बंद किया जाएगा और दो का विलय किया जाएगा। इसके अलावा अलग-अलग मंत्रालयों के डेढ़ लाख सरकारी पदों को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम टैक्स में भी इजाफे के प्रयास करेंगे। बीते साल 3 लाख अतिरिक्त टैक्सपेयर जुड़े हैं।

इस साल अब तक 7 लाख से ज्यादा नए टैक्सपेयर जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स के नियमों को सख्त किया जाएगा। जो लोग टैक्स नहीं भरेंगे, उन्हें संपत्ति और वाहन खरीदने की परमिशन नहीं होगी। औरंगजेब ने कहा कि पाकिस्तान को यदि जी-20 का हिस्सा बनना है तो फिर अर्थव्यवस्था को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि अब तो हमारा एक्सपोर्ट भी बढ़ रहा है।

### यूएई ने सूडान में यूएई के राजदूत के आवास को निशाना बनाकर किए गए हमले की निंदा की

**आबुधाबी, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात ने सूडानी सेना के विमान द्वारा खार्तूम में यूएई मिशन के प्रमुख के आवास को निशाना बनाकर किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। साथ ही यूएई ने सेना से इस कायरतापूर्ण हमले की पूरी जिम्मेदारी लेने की अपील भी की है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने इस बारे में बताया कि वह सूडानी सशस्त्र बलों के इस हमले के खिलाफ अरब राज्यों की लीग, अफ्रीकी संघ और संयुक्त राष्ट्र को एक पत्र प्रस्तुत करेगा।

# इजराइल के लेबनान पर हमले जारी



**तेल अवीव, एजेंसी।** हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर सैयद हसन नसरल्लाह को मार गिराने के बाद पूरी इस्लामिक दुनिया में इजरायल को लेकर गुस्सा देखा जा रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान, तुर्की के अलावा भारत जैसे देश में भी विरोध प्रदर्शन हुए हैं। वहीं ईरान ने इजरायल को धमकी देते हुए कहा है कि वह इसका अंजाम भुगतेगा। अमेरिका ने इजरायल को नसीहत दी है कि वह ऑल आउट वॉर से बचे। फिर भी इजरायल ने हमले नहीं रोके हैं। रविवार को उसने फिर से लेबनान के अंदर कई एयरस्ट्राइक्स कीं। एक तरफ हिजबुल्लाह गम में डूबा था तो वहीं इजरायल के ताबड़तोड़ हमलों में 105 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद सोमवार को फिर से दिन की शुरुआत इजरायली हमलों में से हुई। इजरायल ने सुबह ही बेरूत के अंदर हमला किया, जिसमें 4 लोग मारे गए। रविवार को लेबनान में 105 लोगों की मौत हो गई, जबकि 359 लोग जख्मी हुए हैं। इसके साथ ही इजरायली हमलों में लेबनान में हाल के दिनों में मरने वालों की संख्या 1000 से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा 6000 से ज्यादा जख्मी हुए हैं। इजरायल की ओर से सोमवार को जो हमला किया गया, वह लेबनान के लिए और चिंता का सबब है। पहली बार इजरायल ने इस तरह बेरूत के अंदर घुसकर अटैक किया है। वहीं रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार हिजबुल्लाह ने हसन नसरल्लाह का शव बरामद कर लिया है। हैरान करने वाला तथ्य यह है कि नसरल्लाह के शव पर जख्म को कोई निशान नहीं है। ऐसे में इसे लेकर हैरानी जताई जा रही है कि नसरल्लाह की मौत कैसे हुई होगी। एक अनुमान है कि शायद नसरल्लाह की मौत उस इमारत पर हुए हमले में दहशत के चलते हो गई होगी। इस हमले में 20 अन्य लोग मारे गए हैं। वहीं इससे पहले इजरायल ने हिजबुल्लाह के लीडर फुआद शुकर और इब्राहिम अकील को भी मार डाला था। नेतन्याहू बोले- अब हमले तो नहीं रुकेंगे, पर एक डेडलाइन भी दी इस बीच बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि इजरायल की ओर से हमले जारी रहेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि हम अपनी उत्तरी सीमा को सुरक्षित रखना चाहते हैं। उस हिजबुल्लाह को ही खत्म कर देंगे, जिसके हमलों की वजह से हमारे लोगों को पलायन करना पड़ गया। अब हिजबुल्लाह को खत्म करके ही हमले रोकेंगे ताकि दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

## खुद से शादी करने वाली टिकटॉक स्टार कुबरा अयकुट की मौत; पांचवी मंजिल से गिरीं, सुसाइड नोट भी बरामद



**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्किये की टिकटॉक इनफ्लुएंसर कुबरा अयकुट की महज 26 साल की उम्र में मौत हो गई। कुबरा अपने वेडिंग विदाउट ए ग्रूम (खुद से शादी करने) वाले वीडियो के लिए बहुत मशहूर हुई थीं। तुर्किये की मीडिया के अनुसार, टिकटॉक इनफ्लुएंसर की मौत सोमवार को इस्तांबुल के सुल्तानबेली जिले में एक लक्जरी अपार्टमेंट इमारत की पांचवीं मंजिल से गिरने से हुई। स्थानीय अधिकारियों को उनके शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

फैंस ने बताया कि मृत्यु से पहले सोशल मीडिया पर अयकुट ने चिंताजनक पोस्ट डाला था। मृत्यु से ठीक पहले उन्होंने अपने वजन बढ़ने के अनुभव के बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक दुख भरा संदेश लिखा था। उन्होंने कहा, मैंने अपनी ऊर्जा जमा कर ली है, लेकिन मेरा वजन नहीं बढ़ रहा है। रोजाना कुछ किलोग्राम से वजन घट रहा है। मुझे नहीं मालूम क्या करूं? मुझे तत्काल वजन बढ़ाने की जरूरत है।

विशेष रूप से 2023 में उन्होंने अपनी अपरंपरागत वेडिंग विदाउट ए ग्रूम सीरिज से पहचान हासिल की थी। उन्होंने सुंदर सफेद रंग का गाउन और माथे पर टियारा पहनकर खुद से ही शादी की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था, मुझे अपने लिए कोई योग्य वर नहीं मिल रहा है। एक अन्य वीडियो क्लिप में उन्हें शादी की पोशाक में बर्गर का आनंद लेते हुए भी देखा गया था। अयकुट की मौत की खबर से सोशल मीडिया पर शोक की लहर दौड़ गई। उनके फॉलोअर्स हैरान रह गए। कई फैंन और फॉलोअर्स ने उनकी मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए विभिन्न फ्लेटफॉर्म का सहारा लिया। उन्होंने अयकुट को एक खूबसूरत दिल वाली परी कहकर पुकारा। तुर्किये के अधिकारियों ने अयकुट के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अयकुट के गृहनगर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान कई टिकटॉकर और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के शामिल होने की संभावना है।

# अमेरिका में 38 लाख छात्रों को पड़े खाने के लाले ! भूखे पेट नहीं हो रही पढ़ाई, मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रभाव



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार की एक संस्था के अनुसार देश में ऐसे लाखों कॉलेज छात्र हैं जिन्हें भरपेट खाना नसीब नहीं है। गवर्नमेंट अकाउंटेबिलिटी ऑफिस (जीएओ) की एक स्टडी के मुताबिक 2020 में 38 लाख छात्रों ने भोजन की कमी होने की जानकारी है। इनमें आधे से अधिक छात्रों का कहना था कि पैसा नहीं होने की वजह से वे खाना नहीं खा सके। कई दशकों से कॉलेज छात्रों को पर्याप्त भोजन न मिलने की शिकायत है। अब यह बड़ा संकट बन चुका है। कॉलेजों में कम आमदनी वाले परिवारों के ज्यादा छात्र दाखिला ले रहे हैं। एडमिशन फीस, हाउसिंग और जीवन-यापन के अन्य खर्च बढ़े हैं। रिसर्च से पता लगा है खाने की कमी से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। छात्रों के कॉलेज पास करने की दर कम हुई है। हालांकि, सरकार के सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन एसिस्टेंस प्रोग्राम (स्नैप) के तहत कम आय वालों को भोजन के लिए मदद दी जाती है।

**80 प्रतिशत परिवारों को मदद मिलनी थी, 30त्न को मिली :** कुछ शर्तें पूरी न करने के कारण लाखों कॉलेज छात्रों को मदद नहीं मिलती है। स्नैप की मदद के लिए 45 लाख छात्र आय मापदंड के दायरे में आए। लेकिन 33 लाख छात्र सिर्फ शर्त पूरी कर पाए। फिर भी, इनमें से दो तिहाई छात्रों ने बताया कि उन्हें पात्रता के बावजूद स्नैप की मदद नहीं मिली है। स्नैप से औसतन 80त्न पात्र परिवारों को मदद मिलती है। लेकिन, 30त्न छात्र उसकी मदद हासिल कर पाते हैं।

**भूखे पेट नहीं हो रही पढ़ाई, मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रभाव :** खाने की कमी का छात्रों की शिक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। भूख के कारण छात्रों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित नहीं हो पाता, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रदर्शन प्रभावित होता है। भोजन की कमी से कई छात्र कॉलेज छोड़ने का निर्णय लेते हैं, जिससे उनकी भविष्य की संभावनाएँ कम हो जाती हैं। भोजन की कमी और आर्थिक समस्याएँ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं, जिससे चिंता, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। जब छात्रों को अपने साथियों के सामने भोजन की कमी का सामना करना पड़ता है, तो इससे उनकी आत्म-सम्मान में कमी आती है। बेशक कई कॉलेज अब भोजन सहायता कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं, जैसे फूड पैंट्रीज़, जहाँ छात्रों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन अमेरिका सरकार को स्ह्वक्क कार्यक्रम को और अधिक सुलभ बनाने और उन छात्रों के लिए विशेष योजनाएँ विकसित करने की आवश्यकता है जो इस कार्यक्रम से वंचित रह जाते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धों का सम्मान करने सूरजपुर पहुंचे मुख्यमंत्री



**वृद्धजनों की सेवा से मिलता है पुण्य और आशीर्वादःविष्णुदेव साय** | **वृद्धजनों के दुखदर्द को समझे और उन्हें उनकी सेवा का भरोसा दिलाएःमुख्यमंत्री** | **वृद्धजनों की भावनाओं को समझते हुए उनकी सेवा में तत्पर है सरकार** | **मुख्यमंत्री ने सूरजपुर जिले को दी करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात** | **मुख्यमंत्री ने सूरजपुर जिले को 187 करोड़ 51 लाख की दी सौगात...** | **187 करोड़ 51 लाख की लागत से 159 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास...** | **मांदर की थाप व शैला नृत्य के साथ भगवा अंगवस्त्र से हुआ वेलकम...**



-ओंकार पांडेय-
सूरजपुर,01 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देवा साय का आगमन सूरजपुर में हुआ, उनके आगमन के साथ ही सूरजपुर को 110 करोड़ 67 लाख के विकास कार्यों की सौगात मिली साथ ही मुख्यमंत्री ने सूरजपुर के वृद्धजनों को सम्मानित किया और विद्धजनों को स्वस्थ कार्ड मुहैया कराया, ताकि वृद्धजनों को बेहतर इलाज निशुल्क मिल सके, केंद्र सरकार की योजनाओं से भी उन्हें रूबरू करवाया, केंद्र सरकार की योजना विद्धजनों के लिए कितनी अच्छी है यह भी उन्हें बताया, मंगलवार अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के



अवसर पर सूरजपुर जिला मुख्यालय में वृहद सियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने जिले के वृद्धजनों का शॉल,श्रीफ़ल से अभिनंदन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन वृद्धजनों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वृद्धजनों को प्रणाम करता हूँ और आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करें,उनके दुःख दर्द को समझे और उन्हें अपने सेवाभाव से भरोसा दिलाए कि आप उनके साथ है। माता-पिता और वृद्धजनों की सेवा से आपको पुण्य और आशीर्वाद मिलेगा, खुशी मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आप अपने मुकाम तक पहुँच पाएंगे।



## विभागीय स्टालों का अवलोकन कर हितग्राहियों को किया सामग्री एवं चेक का वितरण





कार्यक्रम के दौरान जिले में शासन के विकास कार्यों पर आधारित विभागीय स्टालों का अवलोकन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर स्टॉल में मौजूद हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत सामग्री एवं राशि चेक का वितरण किया। इस दौरान मत्स्य विभाग से 05 हितग्राहियों को जाल और आइस बॉक्स और दो हितग्राही को केसीसी कार्ड का वितरण, पशुपालन विभाग से दो हितग्राही में से एक हितग्राही को राज्य डेयरी उद्यमिता के तहत सब्सिडी राशि साठ हजार का राशि चेक और एक हितग्राही को मुर्गीपालन हेतु केसीसी कार्ड, कृषि विभाग से दो हितग्राही को इलेक्ट्रिक पंप और उद्यानिकी विभाग से दो हितग्राहियों को केसीसी कार्ड का वितरण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत हितग्राहियों में सक्षम महिला योजना के तहत हितग्राही सुश्री रूमा तिवारी को एक लाख बीस हजार राशि और महिला कोष से हितग्राही समूह चेतना महिला समूह को पचास हजार राशि चेक ऋण वितरण, इस दौरान दो गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। इस दौरान एक एनीमिया मुक्त महिला श्रीमती आशा कुशवाहा और एक कुपोषण मुक्त चार वर्षीय बच्चे मयंक विश्वकर्मा को सुपोषण टोकरी का वितरण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के तहत छह हितग्राहियों को व्हीलचेयर एवं छड़ी का वितरण भी किया गया।

## छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है और योजनाओं का लाभ गरीब,मजदूरों,किसानों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 14 लाख से अधिक सियानो को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके खाते में पेंशन की राशि दी जा रही है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही उनके उपचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की है। इसी कड़ी में हमने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर बुजुर्गों की इच्छा होती है कि वह अपने जीवनकाल में एक बार तीर्थ यात्रा जाएं,उनकी भावनाओं और आस्था को ध्यान रखकर हमारी सरकार ने अयोध्या में रामलला के दर्शन की व्यवस्था की है। रेल,बस के माध्यम से अयोध्या जाने और आने के अलावा भोजन,ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। इस योजना से माता कौशल्या की धरती छत्तीसगढ़ के लोग अपने भाँचा राम का दर्शन करने जा पा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों का भरपूर ख्याल रखा। उनसे 31 सौ रुपए में धान खरीदी की। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और दो साल का बकाया बोनस की राशि भी प्रदान की। हमारी सरकार द्वारा सरगुजा से लेकर बस्तर तक के तेंदूपत्ता श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए तेंदूपत्ता के प्रति मानक बोरा दर में वृद्धि कर 4 हजार से 5500 रुपए किया और 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने महतारी वंदन योजना लागू कर महीने में एक हजार और साल में 12 हजार महिलाओं के खाते में देने की शुरुवात की है। मुख्यमंत्री ने कहा अभी हमारी नई सरकार को महज नौ माह ही हुए हैं और प्रदेश के सभी वर्ग के लिए योजना बनाकर राज्य के विकास की दिशा में कार्य करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं, आने वाले समय में यहां विकास की गति और बढ़ेगी।

## वृद्धजनों का सदैव सम्मान करना चाहिए

समारोह को सम्बोधित करते हुए जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने कहा कि हमारे घर में माता-पिता और वृद्धजनों का सदैव सम्मान करना चाहिए। उनके सम्मान और आशीर्वाद से ही हम विकास की राह में आगे बढ़ रहे हैं। छतीसगढ़ सरकार वृद्धजनों के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। उनके लिए पेंशन, आश्रम, उपचार, पीएम आवास, निशुल्क अनाज, तीर्थ यात्रा की व्यवस्था की गई है।

## मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से अब सरगुजा सम्भाग के सभी जिलों का तेजी से होगा विकास

आदिम जाति, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छतीसगढ़ में गरीब,मजदूर, किसानों सहित अन्य सभी के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री की पहल से ही 31 सौ रुपए में धान की खरीदी की जा रही है। प्रदेश की दीदीयों के खाते में हर महीने महतारी वंदन योजना के माध्यम से एक हजार रुपए डाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के आशीर्वाद से अब सरगुजा सम्भाग के सभी जिलों का तेजी से विकास होगा।

## वृद्धजन बरगद की सुकूनदायक छांव की तरह होते हैं

समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि वृद्धजन घर परिवार में बरगद की सुकूनदायक छांव की तरह होते हैं। जो दुख दर्द में हमारी कठिनाइयों को दूर करते हैं। हमें वृद्धजनों की सेवा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने जिले में इस तरह के भव्य आयोजन के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की। कार्यक्रम को विधायक श्री भुलन सिंह मरावी ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने स्वागत भाषण दिया।

## सूरजपुर जिले के लिए की गई विकास कार्यो की घोषणा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम स्थल पर मंच से जिलेवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेक मांगो को पूरा करने की घोषणा की। जिसके अंतर्गत ग्राम बिहारपुर में सहकारी बैंक खोलने की घोषणा की। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पहाड़गांव में पर्यटन को बढ़ावा देने पिलखा पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मंजूरी दी। गोपालपुर में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु भटगांव विधानसभा क्षेत्र के 103 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था करने घोषणा की। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ करने की स्वीकृति दी। सूरजपुर महाविद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक बनाने की घोषणा की। भैयाथान-सूरजपुर मार्ग में ऊंचडीह, नेवरा राष्ट्रीय राजमार्ग तक 09 किलोमीटर तक सड़क मरम्मत की घोषणा की एवं ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने मंजूरी प्रदान की। साथ ही उन्होंने सूरजपुर ऑडिटोरियम का नाम डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को मिले अनेक विकास कार्यो की सौगात के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री द्वारा सूरजपुर जिले को दी गई करोड़ों की सौगात

187 करोड़ 51 लाख की लागत से 159 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास और लोकार्पण, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा सूरजपुर जिले के दौरे के दौरान जिले में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतापपुर ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत भैयाथान ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामानुजनगर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रेमनगर ,कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज लिमिटेड अंबिकापुर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं नगरपालिका परिषद सूरजपुर, अंतर्गत 187 करोड़ 51 लाख की लागत से 159 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।

## पीएम आवास के हितग्राहियों को बांटी खुशियों की चाबी

सूरजपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले के सभी जनपदों में से एक-एक हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् आवास पूर्ण कर लिए हितग्राहियों को आवास की चाभी सौपी। जिले के भैयाथान, ओडगी, प्रतापपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर और सूरजपुर जनपद के पात्र हिताग्राहियो श्री संतोष कुमार पिता श्री रामाशंकर, श्री बृजलाल पिता श्री बुधराम, श्री देवशरण पिता श्री हीरा साय, श्री बीरसाय पिता श्री बैजनाथ, श्रीमती सुखमनिया पति/पिता श्री लक्ष्मण, श्री बरातु पिता श्री रंगु को आवास की चाभी सौंपी गई।

## सक्षम सूरजपुर अंतर्गत संचालित डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन का मुख्यमंत्री श्री साय ने किया अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री साय ने आज सूरजपुर अग्रसेन स्टेडियम में अयोजित कार्यक्रम में सक्षम सूरजपुर अतंर्गत डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत् संचालित डिजिटल बस का अवलोकन किया। सक्षम सूरजपुर अंतर्गत जिले में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन (डिजीटल बस) संचालन किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क डिजिटली शिक्षा देने और बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके द्वारा जिले के बड़ी ग्रामीण जनसंख्या को डिजिटल तकनीकों के संबंध में जागरूक करने के साथ डिजिटल उपकरणों के संबंध में जानकारी प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन छ.ग. राज्य अंतर्गत जिला सूरजपुर प्रथम जिला है जहां डिजिटल बस ने जिले के 06 विकासखण्डों में भ्रमण कर डिजिटल साक्षता से लोगों को अवगत कराया और जागरूक किया जा रहा है। इस बस के द्वारा डिजिटल बैंकिंग से लेकर साईबर सिक्योरिटी पर शिक्षा दी जा रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक आईटी शिक्षा और साइबर सिक्योरिटी में सर्टिफिकेट कोर्स कराकर प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन

अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों का खून, बीपी, शुगर, गठिया, हृदय, श्वास संबंधी, दंत एवं नेत्र, नाक, कान, गला सहित अनेक बीमारियों का जांच कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें आवश्यक परामर्श एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य कार्ड एवं सिकलसेल मरीजों को सिकल सेल पहचान कार्ड का वितरण भी किया गया। गौरतलब है कि वृद्धजनों को नियमित स्वास्थ्य लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों हेतु वृद्धजन स्वास्थ्य कार्ड बनाने की शुरुआत शिविर में किया गया ताकि वृद्धजनों को विभिन्न प्रकार की जांच व उपचार की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा सके। इस अवसर पर जिले के समस्त पंजीकृत निजी चिकित्सालय के प्रतिनिधियों द्वारा आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के समक्ष वृद्धजनों के स्वास्थ्य हित में सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में वृद्धजनों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने संकल्प पत्र प्रस्तुत किया गया।

## ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, प्रभारी एवं खाद्य मंत्री सूरजपुर श्री दयाल दास बघेल, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, बैकुंठपुर विधायक श्री भैयालाल राजवाड़े, अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, पूर्व गृहमंत्री श्री राम सेवक पैकरा, श्री भीम सिंह अग्रवाल, श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री राजेश महलवाला एवं बड़ी जनसंख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित थे।

CMYK

## शिप्रा सस्टेनेबल फाउंडेशन द्वारा जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,01 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।




शिप्रा सस्टेनेबल फाउंडेशन द्वारा कोरबा जिले में एक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान मुफ्त परामर्श, उच्च रक्तचाप (बीपी) जांच और परिवार नियोजन तथा कल्याण पर मुफ्त काउंसलिंग और एचआईवी एड्स से संबंधितडेवलपमेंट जानकारी भी प्रदान की गई। उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया, बीपी की जांच की गई, और डॉ. गीता राठौर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सफाई कर्मचारी और ऑटो रिक्शा चालकों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। उन्हें स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित स्वास्थ्य जांच और धूम्रपान व शराब से परहेज के बारे में भी सलाह दी गई। कोरबा में ट्रक चालकों के साथ एक जानकारीपूर्ण और इंटरएक्टिव एचआईवी जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य ड्राइवरों और ट्रक चालकों को एचआईवी की रोकथाम, उपचार और प्रबंधन के बारे में जागरूक करना था। कोरबा मेडिकल कॉलेज से विशिष्ट एचआईवी सलाहकार श्री भरत जायसवाल की उपस्थिति ने सत्र को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। सत्र के दौरान, सलाहकार ने उपलब्ध उपचारों और एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के लिए स्वस्थ जीवन जीने में चिकित्सा समर्थन की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम से 700 से अधिक पुरुष और महिलाएं लाभान्वित हुए। यह कार्यक्रम स्वयंसेवकों के सहयोग से आयोजित किया गया था। विशेष धन्यवाद डॉ. गीतिका राठौर, जो वर्तमान में रानी धनराज कुँवर देवी पीएचसी, कोरबा में तैनात हैं, जिन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच कराने में हमारी मदद की और श्री भरत जैसवाल जो की जिला चिकित्सालय में एच आई वी के परामर्शदाता को जाता है 7 ये सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बेल्जियम के शाही परिवार की स्मृति में आयोजित किए गए थे।

## तेज आवाज में ध्वनि विस्तार यंत्र एवं सार्वजनिक स्थानों पर डी.जे. एवं धुमाल बजाना प्रतिबंधित

-संवाददाता-
कोरबा,01 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में आगामी नवरात्र विजयादशमी (दशहरा) एवं दीपावली त्यौहार के संबंध में दुर्गा माता की स्थापना करने वाली समितियों, गरबा आयोजक एवं समस्त डीजे एवं धुमाल संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार नाग,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.एस.बी.चौहान, नेहा वर्मा की उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया है कि अनाधिकृत एवं असामाजिक तत्वों से बचाव हेतु यथा संभव पण्डाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव समितियों को दिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों को पण्डाल का निर्माण में विशेष ध्यान रखने एवं सार्वजनिक स्थल रोड को घेरकर नहीं बनाने के लिए कहा गया। डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग शासन एवं न्यायालय की गाईड लाईन अनुसार करने की बात कही गई। साथ ही रात्रि 10 के बजे के पश्चात् ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही किया जायेगा। इसके साथ ही डांडिया एवं गरवा नृत्य के दौरान धार्मिक भक्ति गीत ही बजाये जाने की बात कही गई। बैठक में आयोजन समिति को बताया गया कि मूर्ति विसर्जन की अनुमति सिर्फ दशहरा एवं दशहरा के अगले दिवस तक होगी। रास गरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों में पास के माध्यम से केवल परिवार के साथ जाने वाले अथवा कपल को ही एंट्री दिया जाए। जिससे किसी प्रकार के विवाद जैसी स्थिति निर्मित न हो। साथ ही आयोजन स्थल में पर्याप्त वालिंटियर्स की व्यवस्था होनी चाहिए। रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों तथा पंडालों में केवल धार्मिक गानों को ही चलाए जाने का सुझाव आयोजक एवं समितियों को दिया गया। मूर्ति आगमन, स्थापना तथा विसर्जन के दौरान न्यायालय शासन के निर्देशों का पालन किया जाए। आयोजन स्थल में विद्युत विभाग से अस्थाई विद्युत कनेक्शन लिये जाने हेतु समिति को निर्देशित किया गया। नवरात्रि त्यौहार के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों अथवा अस्त्र शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानों में दिये जाने की अपील की गई। प्रशासन द्वारा नवरात्रि सहित अन्य त्यौहारों को शांति पूर्वक एवं सर्व समाज को एक साथ मिलकर मनाए जाने का आग्रह किया गया। बैठक में एसडीएम सरोज महिलांगे, अपर आयुक्त नगर निगम विनय मिश्रा,स्वास्थ्य अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित हुए।

## शहर को स्वच्छ बनाने के लिए छात्रों की पहल

-संवाददाता-
बलरामपुर,01 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय महाविद्यालय और शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता'' थीम पर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रैली हाई स्कूल ग्राउंड से शुरू होकर नया बस स्टैंड गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने शहीद चौक, हनुमान मंदिर परिसर, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, ऑडिटोरियम एवं साप्ताहिक बाजार परिसर की साफ-सफाई की।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयामणी मिंज पत्नी आशीष चौरसिया जाति उरांव निवासी भगवानपुर खुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भगवानपुर खुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 261/5, 261/1 रकबा 0.020, 0.030 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा नक्शा, ले-आऊट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो, निर्धारित सुनवाई तिथि 16/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्याल में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

# कोसम ने आयोजन के स्तर को समृद्ध किया: संजय अलंग

## कोरिया साहित्य महोत्सव तेजी से बना रहा है अपनी राष्ट्रीय पहचान: गिरीश पंकज

### साहित्यिक क्षेत्र के विशिष्ट आयोजनों की श्रृंखला में स्थापित नाम होगा कोसम:संजय एलंग

### चार पुस्तक विमोचन,गीत,संगीत,नाटक,परिचर्चाएं,काव्यपाठ सहित दिए गए कोसम सम्मान





-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,01 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

साहित्य, संस्कृति और सामाजिकता के विकास के लिए गठित टीम अभिव्यक्ति ने कोरिया जिले में दो दिवसीय साहित्य महोत्सव कोसम भाग दो का आयोजन किया। गत 28 सितम्बर से प्रारंभ हुए इस दो दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के अनेक साहित्यकारों, रचनाधर्मियों, युवा कलमकारों के साथ ही साथ हिन्दी जगत के अनेक मूर्धन्य विद्वानों ने और उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश के भी अनेक प्रतिभावान कलाकारों ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। जिला मुख्यालय में गठित संस्था टीम अभिव्यक्ति द्वारा कोरिया साहित्य महोत्सव के आयोजन का यह निरंतर दूसरा वर्ष था। इस दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत 28 सितंबर को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में स्थित आडिटोरियम में हुई। प्रथम दिवस हिन्दी साहित्य के विशिष्ट हस्ताक्षर और कुल 125 से ज्यादा पुस्तकों के रचयिता व्यंग्य श्री गिरीश पंकज के आतिथ्य में आयोजन की औपचारिक शुरूआत हुई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस सरगुजा अंचल के कलमकारों का साझा काव्य संकलन कोसम भाग दो, श्री गिरीश पंकज की संपूर्ण रचनावली, श्री राजेश जैन की काव्यकृति और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आयुक्त बस्तर श्री श्याम धावड़े की शोध कृति पुरखती कागजात का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कोसम के मंच पर श्री गिरीश पंकज ने कहा कि वह भारत के विभिन्न प्रदेशों में साहित्य के आयोजनों में निरंतर सहभागिता करते हैं और कोसम का आयोजन उन राष्ट्रीय आयोजनों से किसी भी मामले में कमतर नहीं है। उन्होने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में इस आयोजन ने स्वमेव सभी साहित्य विधाओं का संगम रखते हुए जिस तरह से साहित्य की उन्नति के लिए कार्यक्रम संचालित किया है यह अपने आप में अनूठा है। श्री गिरीश पंकज ने आयोजन को अब तक के सफलतम आयोजनों में जोड़ते हुए कहा कि जिस निष्ठा व इच्छाशक्ति के साथ कोरिया साहित्य महोत्सव आयोजित किया है वह जल्द ही अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाएगा। प्रथम दिवस सत्र की शुरूआत बिलासपुर से आई शास्त्रीय नृत्यांगना सुश्री उदिता चक्रवर्ती के नाट्य प्रस्तुति से हुई। कोसम के प्रथम दिवस कोरिया जिले में विकास की संभावनाओं का विषय लेकर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, पुलिस कप्तान सूरज सिंह परिहार, एसइसीएल के महाप्रबंधक बी एन झा और जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने विचार साझा किए।

### मीडिया और वेब मीडिया पर भी हुई चर्चा

इसके बाद मीडिया और वेब मीडिया विषय पर परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार श्री उत्तम कश्यप, श्री चंद्रकांत पारगीर, श्री सुनील शर्मा, श्री प्रवीन्द्र सिह, श्री अरूण जैन, श्री रामचरित द्विवेदी ने सहभागिता की और मीडिया की जिम्मेदारियों और चुनौतियों पर विस्तार से विचार रखे। परिचर्चाओं के दौर में सोसल मीडिया पर लेखन विषय को लेकर वरिष्ठ हिन्दी विद श्री द्वारिका प्रसाद अग्रवाल और बिलासपुर छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा ने अपनी बात रखी। इन दोनों सत्रों का संचालन जिला पंचायत पीआरओ रूद्र मिश्रा ने किया। बेमेतरा से आए युवा गायक श्री शिवम सोनी ने गिटार के साथ शानदार भजन प्रस्तुति देकर पूरे आयोजन को अलग उंचाई प्रदान की। इसके बाद रायपुर से आए रंगमंच के कलाकारों ने अपनी नाट्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पीजीकालेज के दल ने बेहतरीन ददरिया नृत्य प्रस्तुत किया। पूरे प्रदेश के कुल 72 साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया और कोरिया साहित्य महोत्सव को अभूतपूर्व बनाने में अपना योगदान दिया।

### सम्मान के साथ आयोजन का हुआ समापन

आयोजन के अंतिम सत्र में युवा साहित्यकार श्री गौरव अग्रवाल को आरोही सम्मान, स्थापित साहित्यकार के रूप में बिलासपुर की डॉ सुनीता मिश्रा को विदुषी सम्मान तथा आजीवन साहित्य सेवा के लिए मनेन्द्रगढ़ के सुपरिचित हस्ताक्षर श्री बीरेन्द्र श्रीवास्तव को वागीश सम्मान प्रदान किया गया। इस आयोजन को सफल स्वरूप प्रदान करने के लिए टीम अभिव्यक्ति के संरक्षक श्री नरेश सोनी की ओर से जिला पंचायत सीइओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी सहित प्रोफेसर एमसी हिमधर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र गुप्ता, श्री तरूण रघुंवशी, श्री योगेश गुप्ता, डॉ सपन सिन्हा, डॉ डी के उपाध्याय, श्री विनय मोहन भटट, श्री सुनील शर्मा, श्री आयुष नामदेव, श्री सचिन, रामानुज पीजी कालेज की छात्राओं सुश्री संगीता यादव और तनुप्रिया को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता के लिए आभार व्यक्त करते हुए टीम अभिव्यक्ति के संरक्षक ने परोक्ष और अपरोक्ष तौर पर सहयोग करने वाले प्रत्येक कोरिया वासी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए आयोजन का समापन किया।

### आलोचनाओं के परे हमें समाज को सुगठित करने के लिए रामचरित मानस का मार्गदर्शन लेने की अनुसरण करने की जरूरत है

इसमें पूर्व प्राचार्य लाहिड़ी कालेज प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे ने अपने विस्तृत वक्तव्य में कहा कि हमारे जीवन का आधार ही भगवान श्री राम हैं। तुलसीदास की यह कालजयी रचना है जिसने प्रत्येक युग में भारतीय जीवन ष्शैली को दिशा प्रदान की है। उन्होने कहा कि आलोचनाओं के परे हमें समाज को सुगठित करने के लिए रामचरित मानस का मार्गदर्शन लेने की अनुसरण करने की जरूरत है। इस सत्र में रामचरित मानस पर राजेन्द्र सोनी, गौरव अग्रवाल, श्री परमेश्वर सिंह ने अपने विचार रखे सत्र का संचालन टीम अभिव्यक्ति के श्री हरिकांत अग्निहोत्री ने किया।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में संतृप्त अवस्था को पाने के लिए समेकित प्रयास करना होगा

कलेक्टर कोरिया ने आयोजन की उपयोगिता और संपादन की प्रशंसा करते हुए कोरिया जिले को हरीतिमा से आच्छादित और विकास की अपार संभावनाओं का जिला बताया। उन्होने कहा कि हमें प्रत्येक योजनाओं के क्रियान्वयन में संतृप्त अवस्था को पाने के लिए समेकित प्रयास करना होगा और यह कार्य जनसहयोग को लेकर करने का प्रयास किया जाएगा।

### एक अच्छे समाज के निर्माण में साहित्य की उपयोगिता जरुरी

पुलिस कप्तान श्री परिहार ने कानून व्यवस्था और साइबर अपराध को रोकने के लिए सरलता से संदेश देते हुए कहा कि यदि आप लोभ का संवरण करते हैं तो आप किसी भी तरह के साइबर अपराध की जड़ काटने में सक्षम होंगे। अपने देशज कविता पाठ से उपस्थित श्रोताओं को प्रभावित करते हुए उन्होने साहित्य के क्षेत्र में विकास को गतिमान रखने के लिए टीम अभिव्यक्ति की सराहना की। उन्होने एक अच्छे समाज के निर्माण में साहित्य की उपयोगिता पर विस्तार से अपने विचार रखे।

### इन्होंने भी रखा विचार

जिला पंचायत सीइओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कोरिया के विकास में क्षेत्र के ग्रामीण विकास के लिए पर्यटन और संपूर्ण सामाजिक विकास के लिए अपने विचार साझा किए। इस सत्र का संचालन टीम अभिव्यक्ति की ओर से रूद्र मिश्रा ने किया। व्यक्तित्व के विकास में हिंदी विषय पर श्रीमती अनु चक्रवर्ती ने व्यंग्य श्री गिरीश पंकज से साक्षात्कार किया। इसके बाद युवा कवि सम्मेलन में पूरे प्रदेश के युवा साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से समा बांध दिया। इस सत्र के बाद उत्तर प्रदेश बनारस से आए ग्वालियर घराना के प्रतिनिधि युवा गायक श्री राघवेन्द्र शर्मा ने अपनी टीम के साथ सुगम गायन से कोसम के मंच को समृद्ध किया।

### कोसम ने अपने दूसरे ही वर्ष आयोजन के स्तर को समृद्ध किया है

कोसम के आयोजन में दूसरे दिन वरिष्ठ इतिहासकार और पूर्व कमिश्नर संजय अलंग ने छत्तीसगढ के इतिहास और इसकी भौगोलिक स्थिति पर गठन से लेकर अब तक के परिदृश्य पर अपनी जानकारी साझा की। उन्होने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कोसम ने अपने दूसरे ही वर्ष आयोजन के स्तर को समृद्ध किया है और आने वाले समय में कोसम राष्ट्रीय स्तर का साहित्यिक आयोजन के रूप में जाना जाएगा। विदित हों कि श्री संजय अलंग कोरिया की माटी में ही पले बढ़े हैं और उनका इस क्षेत्र से विशेष लगाव है। इस सत्र में उनसे प्रख्यात कलमकार, संयोजक आशीष सिन्हानिया ने बातचीत की। कोसम में दूसरे दिन रामचरित मानस पर परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन

-संवाददाता-
बलरामपुर,01 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए लगभग 300 से अधिक वृद्धजन और वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और खेल-कूद का आयोजन किया गया। साथ ही वृद्धजनों को शाल, श्रीफल और छड़ी देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री कृष्णा प्रसाद गुप्ता, सदस्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, छत्तीसगढ़, जनपद उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित, जनप्रतिनिधि, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री चन्द्रमा यादव, गणमान्य नागरिक श्री दीनानाथ यादव, श्री दिलीप सोनी सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रं./आब./ CSMCL/2024/ सूरजपुर दिनांक

**खाली,कार्टन्स विक्रय हेतु सीमित पुनर्निविदा सूचना**

कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सूरजपुर जिले में संचालित 02 कंपोजिट मदिरा दुकान एवं 08 विदेशी मदिरा दुकानों में वित्तीय वर्ष 2024-25 अर्थात 15.10.2024 से 31.03.2025 की अवधि में संग्राहित खाली कॉर्टन (पुट्ठा) का विक्रय किया जाता है। खाली कॉर्टन्स का प्रति किलोग्राम की दर से इच्छुक निविदाकारों से मुहरबंद निविदाएं (तकनीकी बिड/प्राईज बिड पृथक-पृथक) दिनांक 15.10.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। मुहरबंद प्राप्त निविदाएं उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष दिनांक 15.10.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा की शर्तों/नियम, निविदा प्रपत्र तथा मदिरा दुकानों की अवस्थिति आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्राप्त करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड सूरजपुर जिला सूरजपुर से प्राप्त की जा सकेगी।

जी.नंबर-242502848/3 — जिला अधिकारी, जिला सूरजपुर (छ0ग0)

**कार्यालय,नगर पालिका परिषद बिज़ुरी,जिला-अनुपपुर(म0प्र0)**

Office:Municipal Council Bijuri Dt-Anuppur(M.P.) Email-cmobijuri@mpurban.gov.in phone-9179173973

क्रमांक- /न0परि0/ लो.नि./ई-टेण्डर/2024 — बिजुरी, दिनांक- 01 / 10 /2024

--: निविदा विज्ञप्ति :--
(प्रथम आमंत्रण)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्यों हेतु एस.ओ.आर. 02.08.2021 के अनुसार प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदाएं केन्द्रीकृत प्रणाली समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों एवं ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं | ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | PROVIDING AND FIXING AS PER SPEC-IFICATION OF 3 SEATER CHAIR FOR ALL WARD NAGAR PALIKA PARISHAD BIJURI OF 3 SEATER CHAIR FOR ALL WARD NAGAR PALI-KA PARISHAD BIJURI PROVIDING AND FIXING ASOF 3 SEATER STONE BENCH MADE OF 75 MM THIC STONE SLAB 2024_UAD 372521_1 | PROVIDING AND FIXING AS PER SPECI-FICATION OF 3 SEATER CHAIR FOR ALL WARD NAGAR PALIKA PARISHAD BIJURI OF 3 SEATER CHAIR FOR ALL WARD NAGAR PALI-KA PARISHAD BIJURI PROVIDING AND FIX-ING ASOF 3 SEATER STONE BENCH MADE OF 75 MM THIC STONE SLAB | Rs 33,75,750 | Rs 25,318/- | Rs 5000/- | 60 दिन |

1- उल्लेखित कार्यों के निविदाओं का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।
2- ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 27.09.2024 समय 04:00 बजे से 28.10.2024 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है।
3- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किए जाने पर समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिजुरी
जिला-अनुपपुर (म0प्र0)

## संक्षिप्त खेल की खबरें




### टॉप सीड्स विष्णु,वैदेही ने फेनेस्टा ओपन में जीत से की शुरुआत

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2024।** टॉप सीड्स (शीर्ष वरीयता प्राप्त) और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन विष्णु वर्धन और वैदेही चौधरी ने यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के पहले दिन अपने-अपने वर्ग में विजयी शुरुआत की, जबकि अभिनव संजीव ने पहले दौर में तीसरे वरीय इशाक इकबाल को हराया। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले तेलंगाना के विष्णु को पहले दौर में हरियाणा के उदित कंबोज के खिलाफ मुश्किल शुरुआत मिली, लेकिन आखिरकार उन्होंने सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट में आगे बढ़ गए।

### पार्थ राकेश माने ने लीमा जूनियर वर्ल्डस में दोहरा स्वर्ण पदक जीता



**लीमा , 01 अक्टूबर 2024।** पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक और टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जूनियर विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में हुआ। पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। भारत को तीसरा स्वर्ण भी मिला जब गौतमी भानोट, शंभवी क्षीरसागर और अनुष्का ठाकुर ने जूनियर महिला टीम इवेंट में 10 मीटर एयर राइफल में जीत हासिल की।

# टीम इंडिया ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



### » बांग्लादेश की धुनाई कर तोड़ा 19 साल पुराना कीर्तिमान

**कानपुर, 01 अक्टूबर 2024।** भारतीय क्रिकेट टीम ने कानपुर में बांग्लादेश को हराकर सीरीज में तो उसका सूपड़ा साफ किया ही है, साथ ही नए नए विश्व कीतिमान भी बनाने का काम किया है। ये रिकॉर्ड इतने हैं कि गिनते गिनते भी आप थक जाएंगे। केवल सात सेशन में ही टीम इंडिया ने बांग्लादेश को चारोखाने चित्त कर दिया। इस बीच भारतीय टीम ने एक और ऐसा काम किया है, जो विश्व रिकॉर्ड बन गया है। खास बात ये है कि टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका का करीब 19 साल पुराना कीर्तिमान धूलधूसरित करने का काम किया है।

### भारतीय टीम ने दोनों पारियों में की तूफानी बल्लेबाजी

टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ये हाल तब हुआ, जब दो दिन का पूरा खेल बारिश के कारण धुल गया था। यही कारण रहा कि जब बांग्लादेश को आउट करने के बाद टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर उतरे तो दोनों टीम को तूफानी शुरुआत देने का काम किया। ये देख सभी लोग आश्चर्य में पड़ गए कि टेस्ट में ये टी20 जैसी बल्लेबाजी क्यों की जा रही है। लेकिन कुछ ही देर में साफ हो गया कि टीम इंडिया इस मैच को ड्रॉ नहीं होने देना चाहती, इसलिए आक्रामक अंदाज अपनाया गया है। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 34.4 ओवर में 285 रन पर घोषित कर दी। भारत के पास पारी में 52 रन की लीड मिल गई थी। इसके बाद जब बांग्लादेश ने भारत के सामने मैच की चौथी पारी में 95 रनों का लक्ष्य रखा तो 17.2 ओवर में ही 98 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### टीम ने इंडिया ने तोड़ा साउथ अफ्रीका का रिकॉर्ड

यानी दोनों पारियों का रन रेट मिलाकर देखें तो भारत ने इस मैच में 7.36 के रन रेट से बल्लेबाजी की। ये टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी भी टीम की ओर से मैच की दोनों पारियों में बनाया गया सबसे ज्यादा रन रेट है। भारतीय टीम ने करीब 19 साल का पुराना साउथ अफ्रीका का कीर्तिमान ध्वस्त किया है। साल 2005 में साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए मैच में साउथ अफ्रीका ने मैच की दोनों पारियों में 6.80 के रन रेट से रन बनाए थे। अब ये रिकॉर्ड टूट गया है। इतना ही नहीं, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार हुआ है, जब किसी टीम ने दोनों पारियों में सात से ज्यादा के रन रेट से रन बनाए हों।

### अब बांग्लादेश से टी 20 सीरीज और इसके बाद होंगे न्यूजीलैंड से टेस्ट

भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच चेन्नई में 280 से अपने नाम किया था। इसके बाद लग रहा था कि बारिश के कारण मैच ड्रॉ हो जाएगा। लेकिन टीम इंडिया ने वास्तव में कमाल कर दिया। दो दिन बारिश के बाद भी मैच आखिरी दिन आखिरी सेशन तक नहीं गया। इससे साफ है कि टीम इंडिया ने कमाल का खेल दिखाते हुए सीरीज पर कब्जा किया। अब भारतीय टीम बांग्लादेश से अभी तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी, इसके बाद इसी महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज भी होनी है।

# छह बार के ओलंपिक चैंपियन राउंड 32 में



**बीजिंग, 01 अक्टूबर 2024।** चीनी टेबल टेनिस आइकन मा लोंग ने यहां विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चाइना स्मैश में पुरुष एकल के पहले दौर में आसानी से जीत दर्ज की। छह बार के ओलंपिक चैंपियन मा ने अपने दो बेटों का हाथ थामकर मैदान में प्रवेश किया और फिर इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड पर 11-5, 11-8, 11-7 से जीत दर्ज की और पुरुष एकल के अंतिम 32 में प्रवेश किया। 35 वर्षीय ने कहा, आज का दिन काफी खास था क्योंकि यह पहली बार था जब मेरे बेटों ने मुझे खेलते हुए देखा। यह इस बार प्रतिस्पर्धा करने के लिए मेरी प्रेरणाओं में से एक था। मैं उनके सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार मा ने कहा, मैं पहले भी पिचफोर्ड से हार चुका हूं, इसलिए आज, मैंने पहली गेंद से ही मैच को गंभीरता से लिया और उन पर दबाव बनाया।

चीन के लिन गाओयुआन ने ईरान के नोशाद अलामियान को 3-1 से करीबी मुकाबले में हराया। लिन ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैं उन कठिनाइयों के लिए पूरी तरह से तैयार था जिनका मैं सामना कर सकता था क्योंकि मैंने अपने पिछले मैच की समीक्षा की और उससे सीखा। उनकी शैली अद्वितीय थी और इससे मैं कोर्ट पर बहुत असहज हो गया। मैंने मैच की शुरुआत में ही खुद को प्रेरित किया और अपनी तकनीक और रणनीति को लागू किया। चीनी डर्बी में, तीसरी वरीयता प्राप्त लियांग जिंगकुन ने सीधे गेमों में जू हैडोंग को हराया। लियांग ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अगले मैचों में कदम दर कदम अच्छा प्रदर्शन करूंगा।

चीनी ताइपे के लियाओ चेंग-टिंग ने पुरुष एकल में दक्षिण कोरिया के जंग वूजिन के खिलाफ वापसी की। जंग के खिलाफ 0-2 के रिकॉर्ड के बावजूद, लियाओ ने 0-2 से पिछड़ने के बाद मैच को 3-2 से सनसनीखेज जीत के साथ पलट दिया।

महिला एकल में, सिंगापुर स्मैश चैंपियन दुनिया की नंबर 3 वांग मन्यु ने पहले दौर में अपनी वाइल्डकार्ड हमवतन शि ज़ुन्याओ को 3-1 से हराया।दक्षिण कोरिया की सुह ह्यो वोन ने प्यूर्टो रिको की एड्रियाना डियाज़ को महिला एकल में 11-2, 6-11, 11-9, 11-8 से चार गेम की जीत के साथ जल्दी बाहर कर दिया।

## टेनिस स्टार एंजेल का सीआईएससीई राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन



**अहमदाबाद,01 अक्टूबर 2024।** अदाणी स्पोर्ट्सलाइन साबरमती रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स पार्क में टेनिस अकादमी की युवा ट्रेनी एंजेल मोरेरा को सीआईएससीई राष्ट्रीय खेल 2024 में भाग लेने के लिए चुना गया है। वह इस आयोजन में लड़कियों की अंडर-19 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए एंजेल का चयन उनके उभरते टेनिस करियर में एक टर्निंग पॉइंट है। यह युवा भारतीय प्रतिभाओं को वैश्विक मंच के लिए और उनका शानदार भविष्य तैयार करने के लिए अकादमी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एंजेल ने चयन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं सीआईएससीई नेशनल गेम्स 2024 के लिए चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह अवसर मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, जो मैं इस मुकाम तक पहुंची हूं। मैं अदाणी स्पोर्ट्सलाइन अकादमी से प्राप्त समर्थन और प्रशिक्षण के लिए आभारी हूं, जिसने एक खिलाड़ी के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## जर्मनी के खिलाफ घरेलू हॉकी सीरीज की तैयारी के लिये शिविर में 40 संभावित

**नईदिल्ली, 01 अक्टूबर 2024।** हॉकी इंडिया ने विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस महीने के आखिर में यहां होने वाली दो मैचों की श्रृंखला की तैयारी के लिये बेंगलुरू में सीनियर पुरूष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 40 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दो मैच खेले जायेंगे। शिविर एक से 19 अक्टूबर तक चलेगा।भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता और चीन में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखा। शिविर में फोकस खिलाड़ियों के कौशल को निखारने और मैचों के दौरान की रणनीति पर होगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा ,'' विश्व चैम्पियन के खिलाफ खेलना बेहतरीन मौका है जिसमें हम अपनी क्षमता दिखा सकते हैं। संभावित खिलाड़ियों में शामिल हर एक के पास विभिन्न स्तर पर अनुभव है और हम एक टीम के रूप में अच्छे प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।''

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान का 6 अक्टूबर होगा सामना ?



**नईदिल्ली, 01 अक्टूबर 2024।** वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत 3 अक्टूबर से होने वाली है। ये टूर्नामेंट यूएई के मैदानों पर खेला जाएगा। जहां, टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ 4 अक्टूबर को खेलेगी। वहीं, भारत दूसरे मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम से भिड़ेगी। तो आइए आपको आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2024 का पूरा शेड्यूल बताते हैं कि कब, कौन सी टीम किससे भिड़ने वाली है। आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 को आईसीसी ने तब यूएई में शिफ्ट करने का फैसला कर लिया,जब बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट के बाद हालात खराब हो गए। टूर्नामेंट 3 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं, जिसमें टीम इंडिया ग्रुप-ए का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान सहित, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की टीमें भी शामिल हैं।

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना,शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा,जेमिमा रोड्रिग्स,ऋचा घोष,यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर,अरुंधति रेड्डी,रेणुका सिंह ठाकुर,दयालन हेमलता,आशा सोभना, राधा यादव,श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन

ट्रैवलिंग रिजर्वः उमा छेत्री (विकेटकीपर),तनुजा कंवेर और साइमा ठाकुर

नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्वःराघवी बिस्ट, प्रिया मिश्रा

3 अक्टूबर, गुरुवार, बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे
3 अक्टूबर, गुरुवार, पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, शारजाह, शाम 6 बजे
4 अक्टूबर, शुक्रवार, दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, दुबई, दोपहर 2 बजे
4 अक्टूबर, शुक्रवार, भारत बनाम न्यूजीलैंड, दुबई, शाम 6 बजे
5 अक्टूबर, शनिवार, बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे
5 अक्टूबर, शनिवार, ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका, शारजाह, शाम 6 बजे
6 अक्टूबर, रविवार, भारत बनाम पाकिस्तान, दुबई, दोपहर 2 बजे
6 अक्टूबर, रविवार, वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड, दुबई, शाम 6 बजे
7 अक्टूबर, सोमवार, इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह, शाम 6 बजे
8 अक्टूबर, मंगलवार, ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, शारजाह, शाम 6 बजे
9 अक्टूबर, बुधवार, दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड, दुबई, दोपहर 2 बजे
9 अक्टूबर, बुधवार, भारत बनाम श्रीलंका, दुबई, शाम 6 बजे
10 अक्टूबर, गुरुवार, बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज, शारजाह, शाम 6 बजे
11 अक्टूबर, शुक्रवार, ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान, दुबई, शाम 6 बजे
12 अक्टूबर, शनिवार, न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका, शारजाह, दोपहर 2 बजे
12 अक्टूबर, शनिवार, बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका, दुबई, शाम 6 बजे
13 अक्टूबर, रविवार, इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे
13 अक्टूबर, रविवार, भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, शारजाह, शाम 6 बजे
14 अक्टूबर, सोमवार, पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, दुबई, शाम 6 बजे
15 अक्टूबर, मंगलवार, इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, दुबई, शाम 6 बजे
17 अक्टूबर, गुरुवार, सेमीफाइनल 1, दुबई, शाम 6 बजे
18 अक्टूबर, शुक्रवार, सेमीफाइनल 2, शारजाह, शाम 6 बजे
20 अक्टूबर, रविवार, फाइनल, दुबई, शाम 6 बजे



## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से अल नस्र ने चैंपियन्स लीग में अल रेयान को हराया

**रियाद, 01 अक्टूबर 2024।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्र ने एएफसी चैंपियन्स लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया। पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

# इस फिल्म के नाम में ही थे तीन विवादित शब्द

### झेले 34 केस फिर बदला गया शीर्षक और हो गई सुपरहिट



बॉलीवुड की दुनिया में विवाद आम बात है, जिसके नाम के साथ जितने ज्यादा विवाद जुड़ते हैं उसे उतना सफल माना जाता है। ऐसा सिर्फ लोगों के साथ ही नहीं बल्कि फिल्मों के साथ भी है। कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले ही लंबे विवाद में उलझ जाती हैं। कई बार इसका नुकसान होता है तो कई बार इसका खूब फायदा भी होता है, जो फिल्में विवाद के तूफान को पार कर के सफल होती हैं वो कल्ट सिनेमा की श्रेणी में शामिल हो जाती हैं। साल 1982 में रिलीज हुई, बीआर चोपड़ा द्वारा निर्देशित फिल्म निकाह भी इसका ही उदाहरण है। इस फिल्म ने विवादों की मार के साथ कोर्ट-कचहरी का भी सामना किया।

### कानूनी मामलों में उलझी थी फिल्म

बीआर चोपड़ा की फिल्म निकाह को कानूनी दाव-पेच से गुजरना पड़ा। इस फिल्म के खिलाफ 34 केस दर्ज किए गए थे, जिसमें इस्लामी परंपराओं और प्रथाओं के चित्रण पर सवाल उठाए गए थे। सलमा आगा इस फिल्म के चलते लाइमलाइट में आ गई थीं। फिल्म में दिखाए गए उनके उत्पीड़न की चर्चा जोरों पर थी। उथल-पुथल के बावजूद निकाह ने बॉक्स ऑफिस पर जीत हासिल की। फिल्म ने अपनी वित्तीय सफलता से सभी को चौंका दिया और इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में भारी भीड़ खिंची चली आई। इस फिल्म को लेकर विवाद इस कदर था कि इसका मूल नाम भी बदलना पड़ा। पहले सलमा की फिल्म का नाम तलाक तलाक तलाक था और इस कहानी के कंद्र में भी ट्रिपल तलाक का संवेदनशील मुद्दा था। नाम के साथ ही फिल्म के विषय के लोकर लोगों में आक्रोश पैदा हो गया।

### बढ़ा विवाद तो बदला नाम

विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सलमा आगा को इस तरह के साहसिक प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए व्यक्तिगत आलोचना और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। फिर भी फिल्म मेकर्स और उसके सितारे बढ़ते तनाव के बीच भी अपनी जगह पर डटे रहे। रूढ़िवादी लोगों के आक्रोश और कानूनी धमकियों के जवाब में फिल्म निर्माताओं ने इसका नाम बदलकर निकाह कर दिया। हालांकि नाम बदलने के बाद भी, फिल्म अदालतों और जनता दोनों की जांच के दायरे में रही। कई लोगों को डर था कि ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर फिल्म का साहसिक रुख इसकी सफलता की संभावनाओं को बाधित करेगा।

### बॉक्स ऑफिस पर मिली सफलता

सभी बाधाओं के बावजूद निकाह न केवल विवादों के दौर से निकली बल्कि सफल भी रही। फिल्म की बढ़ती लोकप्रियता में लोगों की चर्चा ने अहम भूमिका निभाई और जल्द ही सिनेमाघरों में फैंस की लाइन लग गई। फिल्म की भावनात्मक कहानी, दमदार संवाद और भावपूर्ण संगीत ने दर्शकों को प्रभावित किया। टिकट खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे देश भर में शो हाउसफुल हो गए। असफलताओं के बावजूद, निकाह साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। 4 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 9 करोड़ की भारी कमाई की, जिससे आलोचकों और निर्माताओं को बहुत हैरानी हुई।

# रिवॉल्वर में लोड थीं 6 गोलियां,एक हुई मिस फायर



मंगलवार की सुबह बॉलीवुड से एक ऐसी खबर आई, जिसने सबको हैरान कर दिया। ये खबर हिंदी फिल्मों के लवर्स की धड़कन, एक्टर और पॉलिटीशियन गोविंदा से जुड़ी थी। गोविंदा को आज सुबह आनन-फानन में मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद पता चला कि अभिनेता को गोली लगी है। इस हादसे में गोविंदा बाल-बाल बच गए। इस खबर ने तो जैसे हीरो नंबर वन के फैंस के बीच हलचल ही पैदा कर दी। अभिनेता के साथ हुए हादसे के बाद हर कोई ये जानना चाहता था कि आखिर उनके साथ ये हादसा कब और कैसे हुआ।

### कोलकाता जाने वाले थे गोविंदा

गोविंदा आज सुबह 5:45 की फ्लाइट से कोलकाता जाने वाले थे। गोविंदा 4:30 पर एयरपोर्ट के लिए घर से निकलने वाले थे। गोविंदा ने बताया कि सुबह 4:30 बजे घर से निकलने से पहले वो अपनी रिवॉल्वर को अलमारी से निकालकर एक सूटकेस में रखना चाह रहे थे। वह रिवॉल्वर को केस में रखकर जैसे ही रखने को आगे बढ़े, रिवॉल्वर नीचे गिर गई और मिस फायर हो गई। ये गोली अभिनेता के पैर में लगी, जिसके बाद उन्हें जख्मी हालत में अस्पताल पहुंचाया गया और पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई।

### रिवॉल्वर में लोडेड थीं 6 गोलियां

अभिनेता ने साथ ही ये भी बताया कि जिस वक्त उनके साथ ये हादसा हुआ, उनके साथ एक बॉडीगार्ड भी मौजूद था। अभिनेता को ये बॉडीगार्ड मुंबई पुलिस की प्रोटेक्शन ब्रांच की ओर से मुहैया करवाया गया था। इसी बॉडीगार्ड ने चीची को गोली लगने के बाद अस्पताल पहुंचाया और स्थानीय पुलिस को इस पूरी घटना की सूचना भी दी। पुलिस जांच के मुताबिक, जिस रिवॉल्वर से गोविंदा को गोली लगी है, उसमें 6 गोलियां लोडेड थीं। यानी इस हादसे में गोविंदा बाल-बाल बच गए।

### रिवॉल्वर की लॉक का छोटा हिस्सा भी टूटा हुआ था

पुलिस ने रिवॉल्वर और लाइसेंस का नंबर का मिलन किया है और लाइसेंस वैलिड है। रिवॉल्वर 0.32 बोर की थी,लेकिन काफी पुरानी थी। गोविंदा नई रिवॉल्वर खरीदना चाहते थे, लेकिन उससे पहले ही हादसा हो गया। रिवॉल्वर की लॉक का एक छोटा सा हिस्सा टूटा हुआ भी था।

### गोविंदा ने खुद दिया हेल्थ अपडेट

गोविंदा ने हाल ही में अपना हेल्थ अपडेट भी शेयर किया था। उन्होंने हॉस्पिटल से ही अपना ऑडियो मैसेज शेयर किया था। उन्होंने अपने ऑडियो में कहा था- %मैं अब खतरे से पूरी तरह से बाहर हूं। गलती से गोली चल गई थी। बाबा का आशीर्वाद है। मैं अपने डॉक्टर्स धन्यवाद करता हूं। आप सब लोगों आशीर्वाद है, मां-बाबा का आशीर्वाद है और जो गोली लगी थी, वो बाबा की कृपा से निकाल दी गई है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें



# आईपीएस पवन देव को मिली पदोन्नति

### डीजीपी पद के हुए दावेदार

रायपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। महानदी भवन के गलियारे से बड़ी खबर सामने आयी है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पवन देव को पदोन्नति देते हुए पुलिस महानिदेशक का रैंक प्रदान कर दिया गया है। गृह मंत्रालय से इस संबंध में आदेश संयुक्त सचिव अभिजीत सिंह के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। पदोन्नति दिनांक यानि 2 जुलाई 2024 से यह पदोन्नति देते हुए उनका वेतनमान बढ़ाया गया है। पूर्व में चल रही जांच के चलते पवन देव की पदोन्नति रोकी गई थी और उनकी जांच से संबंधित लिफाफा बिना खोले ही रख दिया गया था। इस बीच तमाम विभागीय औपचारिकताएं पूरी की गई और उन्हें बैक डेट यानि पदोन्नति दिनांक से ही प्रमोशन दे दिया गया।

# दिल्ली में यूपीएससी तैयारी के लिए बढ़ी 135 सीटें



रायपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के इच्छुक छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी है। वित्त विभाग ने युवा उत्थान योजना के तहत ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 135 सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# निलंबित अफसर अरुणपति त्रिपाठी और त्रिलोक ढिल्लन की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज



रायपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। छत्तीसगढ़ में हुए 2200 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले के मामले में आरोपी आबकारी विभाग के निलंबित अधिकारियों अरुणपति त्रिपाठी और त्रिलोक ढिल्लन की जमानत याचिका को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक बार फिर से खारिज कर दिया है।जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा की अदालत ने कहा कि भ्रष्टाचार न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह मानव अधिकारों का भी उल्लंघन करता है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि भ्रष्ट लोकसेवकों का पता लगाना और उन्हें दंडित करना भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का मुख्य उद्देश्य है।

# रायपुर दक्षिण के उप चुनाव की घोषणा जल्द




» पूरे रायपुर जिले में लागू होगी आचार संहिता

» निर्वाचन की सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न कराएं : रीना बाबा

रायपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। रायपुर दक्षिण के उपचुनाव की घोषणा जल्द ही होने के संकेत मिल रहे हैं। यह सीट विधायक बृजमोहन अग्रवाल के सांसद निर्वाचित होने के बाद उनके इस्तीफे के चलते रिक्त हुई है। इसीके मद्देनजर सीईओ रीना कंगाले ने आज जिला कलेक्टर, आरओ डॉ गौरव सिंह, निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा समेत चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया।रीना बाबा कंगाले ने उप निर्वाचन के दौरान सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता और निष्पक्षता से कराने को कहा है।उन्होंने प्रशिक्षण में कहा कि इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी। इस मौके पर संयुक्त सीईओ पी.एस. ध्रुव भी उपस्थित थे।रीना बाबा ने कहा कि तिथि की घोषणा के साथ ही इसके लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। उन्होंने निर्बाध और सुचारू निर्वाचन के लिए संबंधित अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेने को कहा।

# बिजनेसमैन की बेल पिटीशन पर सुनवाई कल


» महादेव सट्टा ऐप्प से क्या है कनेक्शन...

» छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप्प से हुआ था करोड़ों का घोटाला...

» प्रदेश के कई नामी राजनेताओं से बिजनेसमैन के नाम शामिल...

» बिजनेसमैन सुनील दम्मानी ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत याचिका...

रायपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एक के माध्यम से करोड़ों रुपए का घोटाला हुथा। इस मामले में कई लोगों को पकड़ा गया था। इसी में से एक बिजनेसमैन सुनील दम्मानी है। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ के कारोबारी सुनील दम्मानी को गिरफ्तार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर तीन अक्टूबर को सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। मुख्य जज (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से जेल में बंद कारोबारी के वकील ने आग्रह किया कि जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। दम्मानी के वकील ने दलील दी कि उनका मुवक्किल 13 माह से अधिक समय से जेल में बंद है। इसके बाद सीजेआई ने कहा कि ऐसे मामले जो किसी निश्चित दिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। हम आम तौर पर उससे पहले या बाद में सुनवाई नहीं करते। लेकिन, यह एक जमानत याचिका है... हम इस पर गुरुवार को सुनवाई करेंगे।




### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन हुए थे अरेस्ट

आपको बता दें कि पिछले साल 23 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कथित संलिप्तता के लिए दम्मानी और तीन अन्य को गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा सहित 10 लोगों के ठिकानों पर भी तलाशी ली थी।

### ये लोग हुए थे गिरफ्तार

सुनील दम्मानी के अलावा, उनके भाई अनिल दम्मानी, छत्तीसगढ़ पुलिस के एएसआई चंद्र भूषण वर्मा और रायपुर निवासी सतीश चंद्राकर को भी मामले में गिरफ्तार किया गया था। ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग मामला दुर्ग जिले के मोहन नगर पुलिस थाने में सट्टेबाजी ऐप 'महादेव' के खिलाफ 2022 में राज्य पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है।

### हवाला के पैसे लेनदेन में है आरोपी

ईडी के अनुसार दम्मानी बंधुओं की जूलरी की एक दुकान और एक पेट्रोल पंप है और कथित तौर पर हवाला लेन-देन में उनकी भूमिका है। वहीं, एएसआई वर्मा ने कथित तौर पर अन्य आरोपियों को पुलिस कार्रवाई से बचाने के लिए उनसे रिश्वत ली। इसके साथ यह भी अंदेशा है कि वर्मा ने अन्य पुलिस अधिकारियों को भी रिश्वत की राशि दी।

# नगर निगम में 39 लाख के घोटाले का मामला आया सामने

» मुख्यमंत्री साय से हुई शिकायत

दुर्ग,01 अक्टूबर 2024(ए)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भिलाई नगर निगम पर 39 लाख का घोटाला करने का आरोप लगाया है। विधायक ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि बिना काम कराए सड़क मरम्मत के नाम पर 25 लाख और पेयजल के नाम पर 14 लाख निगम मद से निकाला गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नगर निगम भिलाई में तात्कालीन आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की बगैर जानकारी के निगम मद से भुगतान कर दिया गया है। यह एक बड़ा भ्रष्टाचार को उजागर करता है। एक तरफ निगम कर्मचारियों को वेतन देने सहित अन्य आवश्यक भुगतान को लेकर फंड नहीं है और दूसरी तरह इस तरह मद को निकाला जा रहा है।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कुछ सूचीबद्ध कार्यों के संबंध में जब तात्कालीन कमिश्नर देवेश कुमार ध्रुव को फोन कर जानकारी भी मांगी। इस पर देवेश ध्रुव ने साफ कहा कि सभी कार्य न तो उनके संज्ञान में हैं और न ही उन्होंने ऐसे किसी कार्य को लेकर आदेश जारी किया है। निगम मद से 25 लाख सड़क मरम्मत, 14 लाख पेयजल सहित कई अन्य कार्यों को लेकर निकाले गए मद की शिकायत विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। पत्र में उन्होंने ऐसे कार्यों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। हालांकि यह घोटाला किसने किया है, इसके बारे में विधायक ने कोई जानकारी नहीं दी है।






# मंगल राइस मिल ब्लैकलिस्टेड घोषित

» धान की अफरा-तफरी के मामले में कड़ी कार्रवाई

रायपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। धान और चावल के भंडारण में गड़बड़ी के मामले में मेसर्स मंगल राइस मिल पर बड़ी कार्रवाई की गई है। जिला स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा चितमारपारा, पटना स्थित राइस मिल का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें भंडारण में धान और चावल की कोई मात्रा नहीं पाई गई। साथ ही, राइस मिल की संचालिका कमला ठाकुर भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में निर्धारित चावल की मात्रा जमा करने में विफल रहीं। इस लापरवाही के चलते कोरिया कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर राइस मिल को तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट करते हुए एफ आईआर दर्ज कराया गया।

### पहले भी ब्लैक लिस्टेड हो चुकी है राइस मिल

यह पहली बार नहीं है जब मेसर्स मंगल राइस मिल को ब्लैकलिस्ट किया गया है। इससे पहले भी छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के उल्लंघन के कारण राइस मिल को दो वर्षों के लिए काली सूची में डाला गया था। इस बार फिर से नियमों की अवहेलना के कारण मिल पर सख्त कार्रवाई की गई है।

### एफआईआर और ब्लैकलिस्टिंग के साथ वित्तीय वसूली

जांच के बाद, जिला विपणन अधिकारी ने संचालिका कमला ठाकुर के खिलाफ धान की अफरा-तफरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई। साथ ही, मिल की अमानत राशि को भी जब्त कर लिया गया है। इसके साथ, मेसर्स मंगल राइस मिल को आगामी तीन वर्षों तक किसी भी सरकारी प्रक्रिया में भाग लेने से रोक दिया गया है।

मिल की संचालिका पर कस्टम मिलिंग नीति 2023-24 के तहत भी कई शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप है।



# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी कारोबारी की अग्रिम जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

### पुलिस ने दर्ज किया है करोड़ों रुपए की ठगी का मामला

बिलासपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। हाई कोर्ट में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी और अनुरागी धाम के कर्ता-धर्ता कारोबारी केके श्रीवास्तव की अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का बड़ा ऐलान

### गांधी जयंती पर सत्याग्रह पदयात्रा कर राज्य सरकार को दिलाएंगे वादे

रायपुर,01 अक्टूबर 2024(ए)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने गांधी जयंती पर सत्याग्रह पदयात्रा करने का ऐलान किया है। प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा और विकास राजपूत ने कहा कि 2 अक्टूबर को हजारों शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। इन मांगों में केंद्र सरकार द्वारा दी गई गारंटी, खासकर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लागू करने की मांग प्रमुख है।

पुरानी पेंशन की बहाली और वेतन विसंगति सुधार संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक राजेश गुप्ता और देवराज खूंटे ने बताया कि राज्य सरकार ने चुनाव के दौरान एलबी संवर्ग के शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर करने और पुराने पेंशन को पुनः लागू करने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसके अलावा, शिक्षकों की वेतन संरचना को केंद्र के अनुरूप करने की मांग भी की गई है, जिसमें 1.86 के गुणांक के आधार पर वेतन निर्धारण शामिल है। साथ ही, 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की सेवा के बाद पूर्ण पेंशन का प्रावधान भी शिक्षकों की मांगों में से एक है। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान देने कि मांग की गई है।

शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने और जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने की मांग की गई है।



### मांग पत्र और चरणबद्ध आंदोलन

ज्ञात हो शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन 'पूर्व सेवा गणना मिशन' अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत- 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया जाएगा। 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे।

11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुयमंत्री जी के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुयमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौंपा जाएगा और 25 नवबर 2024 को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च करेंगे।

# ऐथेनाल प्लांट के खिलाफ आठवें दिन विरोध प्रदर्शन जारी

» आंदोलनकारियों ने पुलिस पर लगाया यह आरोप

बेमेतरा,01 अक्टूबर 2024(ए)। ग्राम पथर्रा में ऐथेनाल प्लांट के खिलाफ चल रहा विरोध प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। किसान और ग्रामीण इस प्लांट के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन पुलिस द्वारा चार आंदोलनकारियों पर मामले दर्ज किए जाने के बाद तनाव बढ़ गया है। आज धरना स्थल को संबोधित करने पहुंची कांग्रेस नेत्री शशिप्रभा गायकवाड़ ने अपनी बात रखते हुए प्रदूषण वाले कारखाना का विरोध किया।

एथेनाल प्लांट को बंद करने शांतिपूर्ण आंदोलन का आज आठवां दिन है। विगत दो दिन से शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस ने किसानों को थाने में दिन भर बैठाए रखा। प्लांट मालिक पर कार से रौंदने के प्रयास तथा महिलाओं की वीडियो बनाने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने पर ग्रामीणों ने सवाल उठाया। वहीं एक शिकायत के बाद किसानों पर कार्यवाही की गई।



# स्कूल भवन के ऊपर से गुजर रहे अवैध बिजली कनेक्शन को हटाया



### कोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान

बिलासपुर,01अक्टूबर 2024(ए)। तुर्काडीह, बिलासपुर के सरकारी स्कूल में करंट और जर्जर छत के कारण बच्चों की सुरक्षा पर मंडराते खतरे के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शिक्षा विभाग ने कोर्ट को यह जानकारी दी कि स्कूल के ऊपर से गुजरने वाले अवैध बिजली कनेक्शन के तारों को हटा दिया गया है और छत की मरम्मत का कार्य जारी है।

# डांसरों के बीच वर्दी में डांस करते दिखे एएसआई,सस्पेंड



जांजगीर चांपा,01 अक्टूबर 2024(ए)। जांजगीर चांपा जिले में एएसआई फूलेश्वर सिंह सिदार का एक ऑर्केस्टा प्रोग्राम में लड़कियों के साथ वर्दी में ठुमके लगाते हुए वीडियो वायरल हुआ है। इस मामले में उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

एएसआई फूलेश्वर सिंह सिदार जांजगीर चांपा के बिर्रा थाना में पदस्थ है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वे वर्दी में लड़कियों के साथ डांस करते हुए दिखाई दे रहे है। मिली जानकारी के अनुसार 30 सितंबर की रात को ग्राम सोनादह गांव में आर्केस्ट्रा का आयोजन हुआ था। पुलिस की वर्दी में एएसआई फुलेश्वर सिंह सिदार यहां पहुंचा और डांस कर रही लड़कियों के साथ स्टेज पर ठुमके लगाए। जांजगीर चांपा के पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने मामले पर संज्ञान लेते हुए एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)